हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 159, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 9 दिसम्बर, 2023 दिन शनिवार | गाजीपुर/वाराणसी

## नकदी के बदले सवाल पूछने के मामले में महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता रद्द

### आचार समिति की सिफारिश मंजूर, प्रह्लाद जोशी के प्रस्ताव को स्वीकृति



नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के रिश्वत लेकर सवाल पूछने के मामले में लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट सदन में पेश की गई। भाजपा सांसद विजय सोनकर ने रिपोट की सभा के पटल पर रखा। करीब आधे घंटे की चर्चा के बाद लोकसभा ने आचार समिति की उस रिपोर्ट को मंजूरी दे दी, जिसमें तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की गई थी। सदन ने महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने संबंधी संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसका मतलब नकदी के बदले सवाल पूछने के मामले में महुआ की संसद सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द हो गई है।

**व्हिप जारी...भाजपा सांसदों को उपस्थित रहने के निर्देश**– गौरतलब है कि आचार समिति की रिपोर्ट को शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन कार्यसूची में शामिल किया गया था, लेकिन इसे पेश नहीं किया गया। लोकसभा सचिवालय द्वारा शुक्रवार के लिए जारी कामकाज की संशोधित सूची में आचार समिति की रिपोर्ट को एजेंडा आइटम नंबर 7 के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। उधर, रिपोर्ट पेश होने और विपक्ष के मतविभाजन की मांग के मद्देनजर भाजपा ने व्हिप जारी कर अपने सांसदों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। लोकसभा में रिपोर्ट पर चर्चा के बाद अगर सदन समिति की सिफारिश के पक्ष में वोट करता है तो मोइत्रा की संसद सदस्यता खत्म हो जाएगी। हालांकि, विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया है कि मोइत्रा पर निर्णय लेने से पहले सिफारिशों पर चर्चा होनी चाहिए। बसपा सांसद दानिश अली ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि अगर लोकसभा में रिपोर्ट पेश की जाती है, तो हम विस्तृत चर्चा पर जोर देंगे क्योंकि समिति की बैठक में मसौदा ढाई मिनट में अपनाया गया था।

**500 पेज की रिपोर्ट कई अहम सिफारिशें**– समिति ने 500 पेज की रिपोर्ट बनाई है। इसमें संसद की गरिमा को बचाने व राष्ट्रीय सुरक्षा को महत्व देने के लिए कई अहम सिफारिश की गई हैं। महुआ पर रिश्वत लेकर अदाणी समूह के खिलाफ कारोबारी हीरानंदानी को लाभ पहुंचाने के लिए सवाल पूछने के आरोप हैं। खुद महुआ ने स्वीकार किया था कि उन्होंने संसद में सवाल पूछने के पोर्टल से जुड़ी अपनी आईडी-पासवर्ड साझा किए थे। हीरानंदानी ने महुआ को रिश्वत देने की बात स्वीकारी थी। गौरतलब है कि नौ नवंबर को एक बैठक में भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने रिश्वत लेकर सवाल पूछने के मामले में मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश करते हुए अपनी रिपोर्ट अपनाई थी। कांग्रेस सांसद परनीत कौर सहित समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट के पक्ष में मतदान किया था। जबकि विपक्षी दलों से जुड़े समिति के चार सदस्यों ने असहमति नोट प्रस्तुत किए थे। विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट को 'फिक्स्ड मैच' करार दिया है और कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दायर शिकायत (जिसकी समिति ने समीक्षा की) के समर्थन में कुछ भी सबूत पेश नहीं किया गया।

### मराठा आरक्षण का समर्थन करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में जालना में मराठा आरक्षण का समर्थन करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामले को वापस लेने की मांग पर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जालना में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बहुत ही कम बल का प्रयोग किया था। फडणवीस ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान 79 पुलिसकर्मी और 50 लोग घायल हुए थे। डिप्टी सीएम ने कहा, राज्य सरकार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज की गई मामले की समीक्षा करने के बाद उचित कार्रवाई करेगी। सरकार ने कुछ पुलिस अधिकारियों को अनिवार्य छुट्टी पर भेज दिया था और बाद में उनका जिले के बाहर ट्रांसफर किया गया। कार्यकर्ता मनोज जरांगे अपने गृहनगर जालना जिले के अंतरवाली सारती गांव में अगस्त में अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे थे। एक सितंबर को प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों को जरांगे को अस्पताल ले जाने से रोक दिया, जिसके बाद यह आंदोलन हिंसक हो गया। पुलिस ने इस मौके पर 360 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। फडणवीस ने बताया कि इस हिंसा में 79 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। बता दें कि जरांगे ने राज्य सरकार को मराठा आरक्षण की मांग को पूरा करने के लिए 24 दिसंबर तक की समयसीमा तय की है।

## कांग्रेस सांसद के ठिकानों पर आयकर की छापेमारी में मिले 200 करोड़ कैश

रांची। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और उनके करीबियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी में 200 करोड़ रुपये कैश बरामद किए गए हैं। गौरतलब है कि छापेमारी में 9 अलमारियां नोटों से भरी पाई गईं और नोटों को गिनने के लिए मशीनें मंगवानी पड़ी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 200 करोड़ रुपये की गिनती हो चुकी है और अभी भी नोटों की गिनती चल रही है। ऐसे में जब्त रकम अभी और बढ़ सकती है। बता दें कि धीरज साहू एक बड़े उद्योगपति हैं और शराब बनाने वाली कंपनी बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज से जुड़े हैं। आयकर विभाग ने ग्रुप के झारखंड-ओडिशा और बंगाल के 10 ठिकानों पर छापेमारी की। आयकर विभाग ने बलदेव साहू कंपनी के बोलांगीर स्थित कार्यालय से 30 किलोमीटर दूर सतपुड़ा ऑफिस में छापेमारी में 200 करोड़ रुपये कैश बरामद किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नोटों के बंडल ऑफिस की नौ अलमारियों में भरे रखे थे। नोट 500, 200 और 100 रुपये को गड्डियों में रखे थे। इतनी बड़ी

### ट्रक में भरकर ले जाए गए नोट



संख्या में कैश मिलने के बाद आयकर विभाग की टीम ने मशीनों से नोट गिनकर 157 बैगों में भरा, जब बैग कम पड़ गए तो बोरियों में नोट भरे गए और उसके बाद एक ट्रक में डालकर इन्हें बैंक ले जाया गया। बता दें कि बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज पश्चिमी ओडिशा की सबसे बड़ी देशी शराब निमार्ता और विक्रेता कंपनियों में से एक है। इस कंपनी में कांग्रेस सांसद धीरज साहू के अलावा उनके परिवार के राजकिशोर साहू, स्वराज साहू और परिवार के अन्य सदस्य शामिल हैं। ओडिशा का कारोबार उनके भाई संजय साहू और दीपक साहू संभालते हैं। बता दें कि धीरज साहू के परिवार के स्वामित्व वाले इस ग्रुप में बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड (बीडीपीएल) के अलावा बलदेव साहू इंफ्रा लिमिटेड, क्वालिटी बॉटलर्स और किशोर प्रसाद-विजय प्रसाद बेवरेज लिमिटेड कंपनियां शामिल हैं। आयकर विभाग ने इन सभी कंपनियों को ठिकानों पर छापेमारी की है। बलदेव साहू इंफ्रा लिमिटेड फ्लाई ऐश ब्रिक्स बनाने का काम करती है और बाकी तीन कंपनियां शराब कारोबार से जुड़ी हैं। आयकर विभाग की 40 सदस्यों वाली टीम ने बुधवार सुबह साढ़े छह बजे से ओडिशा के बौध, बोलांगीर, रायगढ़ा और संबलपुर, झारखंड के रांची-लोहरदगा और कोलकाता में एक साथ छापेमारी की गई। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आयकर विभाग ने कंपनी के कई खातों को फ्रीज कर दिया है। आयकर विभाग के अधिकारी कंपनी संचालकों से आय के स्त्रोत और इतनी बड़ी संख्या में नकदी जमा करने को लेकर पूछताछ कर सकते हैं। इस मामले में ईडी भी शामिल हो सकती है।

## 'पंडाल के अंत में बैठने वाला आज मुख्य अतिथि बनकर यहां खड़ा है' : अमित शाह

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन बुराड़ी स्थित डीडीए मैदान में बृहस्पतिवार से शुरू हो गया। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह यहां पहुंचे और अधिवेशन का विधिवत उद्घाटन किया। पहले दिन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक, दत्ताजी डिडोलकर को समर्पित चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन और सामूहिक वंदे मातरम गान हुआ। गृहमंत्री अमित शाह का संबोधन शुरू होते ही पूरे पंडाल में उत्साह बढ़ गया। अपने संबोधन की शुरूआत में वह बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने कहा, 'मैं आज यहां राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कितना गौरव महसूस कर रहा हूं, ये मैं आपको समझा नहीं पाऊंगा।' वह आगे बोले, 'ये अनुभव वही व्यक्ति कर सकता है, जिसकी शुरूआत राजकोट अधिवेशन में पंडाल के अंत में बैठकर हुई है और वो आज मुख्य अतिथि बनकर यहां खड़ा है।'

**अमित शाह के संबोधन की प्रमुख बातें**– एबीवीपी कार्यकर्ता ये संकल्प लें कि 2047 में भारत सर्वप्रथम होगा। ये आपकी जिम्मेदारी है। हमारी कई पीढ़ियां आजादी के संघर्ष में खप गईं, उनके सपनों का भारत बनाने की



जिम्मेदारी युवाओं की है। देश का स्वर्णिम भविष्य युवाओं की राह देख रहा है। घपले घोटाले की जगह नई नीतियों ने ले ली। देश के अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। लोगों को मूलभूत सुविधाएं दी जा रही हैं। अनुच्छेद 370 खत्म, अब लाल चौक पर तिरंगा लहराने से कोई नहीं रोक सकता। पूर्वोत्तर में शांति की स्थापना पिछले 10 साल में पीएम मोदी की सरकार के कारण हुआ। आने वाले दिनों में भारत को सर्व प्रथम होने से कोई नहीं रोक सकता। युवाओं ने युग परिवर्तन किया। एबीवीपी का रास्ता ज्ञान, शील, संकल्प का है और उसी रास्ते पर चलना है। अब भारत का समय है। इसे बनाना युवाओं काम है। पीएम मोदी लगातार देश के विकास को गति दे रहे हैं। इसमें युवाओं का भविष्य जुड़ा है। डिजिटल, एलईडी में भारत नंबर वन है। देश ने सबसे ज्यादा कोरोना रोधी टिके लगाए। अब स्टार्टअप को बढ़ावा दे रहे हैं। हमारी सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई परिवर्तन किए। आज देश में 2 लाख से ज्यादा स्टार्टअप हैं, जिसमें से बहुत सारे छोटे शहरों में शुरू हुए हैं। रिसर्च में आवेदन 3000 से बढ़कर डेढ़ लाख हुए। शिक्षा सिर्फ कैरियर बनाने के लिए नहीं बल्कि देश के विकास के लिए है।

## '2 मिनट के सुख वाली यौन इच्छाओं को काबू करें लड़कियां', कलकत्ता हाई कोर्ट की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई आपत्ति

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले की कड़ी आलोचना की, जिसमें युवा लड़कियों को यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखने की सलाह दी गई थी। साथ ही, कोर्ट ने राज्य सरकार और अन्य को इस मामले में नोटिस भी जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के कुछ हिस्से, जिसमें कहा गया था कि किशोरियों को दो मिनट के आनंद के बजाय अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए, वह काफी आपत्तिजनक और पूरी तरह से अनुचित है।" सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि शुरूआती जांच से लग रहा है कि न्यायाधीशों से अपने व्यक्तिगत विचार व्यक्त करने या उपदेश देने की अपेक्षा नहीं की जाती है। शीर्ष अदालत ने अदालत की सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान को न्याय मित्र नियुक्त किया और अधिवक्ता लिज मैथ्यू को न्याय मित्र की सहायता के लिए नियुक्त किया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि ये टिप्पणियां पूरी तरह से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत किशोरों के अधिकारों का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले पर स्वतः संज्ञान लिया। दरअसल, हाई कोर्ट ने टिप्पणी में कहा था, "प्रत्येक



महिला किशोरी को यौन इच्छा पर नियंत्रण रखना चाहिए, क्योंकि बमुश्किल दो मिनट के यौन सुख का आनंद लेने के कारण वह समाज की नजरों में हार जाएंगी।" साथ ही, कोर्ट ने राज्य सरकार और राज्य की अन्य पार्टियों को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य को यह बताने को कहा कि क्या फैसले के खिलाफ अपील दायर की जाएगी।

## साइबर क्राइम में देश में आठवें स्थान पर यूपी, यौन शोषण संबंधी अपराध बढ़े

लखनऊ। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में साइबर क्राइम की वजहों में यौन शोषण के सर्वाधिक 787 मामले महाराष्ट्र में हुए, जबकि 542 मामले यूपी में हुए। यदि अन्य राज्यों में होने वाले साइबर क्राइम की घटनाओं की दर से तुलना की जाए तो यूपी आठवें स्थान पर है। यूपी में 2020 में साइबर क्राइम के 11,097, वर्ष 2021 में 8,829 और 2022 में 10,117 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में वर्ष 2022 में साइबर क्राइम के 10,741 मामले दर्ज हुए थे। बीते वर्ष यूपी में साइबर क्राइम के 45.3 प्रतिशत मामलों में ही अदालत में आरोप पत्र दाखिल हो सका। यूपी में साइबर क्राइम के मामलों की वजहों पर गौर करें तो बीते वर्ष 37 मामले आपसी रंजिश, 108 मामले गुस्से की वजह से, 4,506 धोखाधड़ी के उद्देश्य से, 1,250 वसूली के लिए, 883 छवि धूमिल




करने के मकसद से और 58 मामले प्रैंक (मजाक) करने की वजह से अंजाम दिए गए थे। इसके अलावा 542 यौन शोषण, 57 राजनीतिक कारणों से और 13 देश के प्रति नफरत में किए गए थे। साइबर क्राइम में पुलिस ने बीते वर्ष 7,122 जालसाजों को गिरफ्तार भी किया। यूपी में बीते वर्ष पोर्नोग्राफी के सर्वाधिक 450 मामले भी दर्ज हुए। यूपी में पर्यावरण संबंधी अपराधों में लगातार कमी दर्ज की गई है। 2020 में पर्यावरण संबंधी अपराध के 2,981 मामले यूपी में दर्ज किए गए थे। 2021 में ये घटकर 1,573 और 2022 में ये 1,486 रह गई। बीते वर्ष पर्यावरण संबंधी अपराध के दर्ज मामले में वन्य संरक्षण अधिनियम के तहत 1,201, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के 120, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के 103, वायु एवं जल प्रदूषण के छह, सिगरेट व तंबाकू उत्पादों से संबंधित 55 और ध्वनि प्रदूषण का एक मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने इनमें से 96.2 प्रतिशत मामलों में अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

## सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध, बढ़ती कीमतों के चलते लिया फैसला



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। देश में प्याज की बढ़ती मांग और बढ़ती कीमतों के चलते सरकार ने यह फैसला किया है। बता दें कि फिलहाल यह प्रतिबंध अगले साल मार्च तक लगाया गया है। विदेशी व्यापार के डायरेक्टोरेट जनरल की तरफ से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि डीजीएफटी के नोटिफिकेशन में ये भी कहा गया है कि देशों की मांग पर केंद्र सरकार की इजाजत से प्याज का निर्यात किया जा सकेगा। बता दें कि देश में अभी प्याज खुदरा कीमत में 60 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही है। अगस्त में सरकार ने प्याज के निर्यात को कम करने के लिए इस पर 40 प्रतिशत एक्सपोर्ट ड्यूटी लगा दी थी। यह आदेश 31 दिसंबर 2023 तक के लिए था। हालांकि केंद्र सरकार ने 'बंगलूरू रोज' किस्म की प्याज को एक्सपोर्ट ड्यूटी से मुक्त रखा था। यह प्याज बंगलूरू और कर्नाटक क्षेत्र के आसपास उगाया जाता है और इसे 2015 में जीआई टैग मिला था।

## मेरे तीसरे टर्म में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत : मोदी

देहरादून। उत्तराखंड में आज से प्रधानमंत्री द्वारा दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का शुभारंभ किया गया। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तय समय पर देहरादून पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी का सम्मेलन स्थल पर भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन स्थल पर लगे स्टाल का निरीक्षण किया हैं। राज्यपाल जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उनके साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने निवेशक सम्मेलन कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि देवभूमि उत्तराखंड आकर मन धन्य हो जाता है। कुछ वर्ष पहले जब बाबा केदार के दर्शन को पहुंच तो मुंह से निकला की 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का है। खुशी है कि इसे चरितार्थ होते देख रहा हूं। बीते दिनों उत्तरकाशी में श्रमिकों निकालने के सफल अभियान की शुभकामनाएं दी।

पीएम ने कहा कि मैंने उत्तराखंड को जिया है, उसकी भावनाओं को महसूस किया है। सामर्थ्य से भरी देवभूमि निवेश के बहुत सारे द्वार खोलने जा रही है। बिजनेस की दुनिया के दिग्गज सभी पहलुओं का आकलन कर आगे की रणनीति बनाते हैं। आज भारत को लेकर विश्लेषण करें। भारत



आज अस्थिरता नहीं चाहता। आज भारतीयों को दुनिया सम्मान की दृष्टि से देख रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के बावजूद भारत तेजी से विकसित हो रहा है। भारत आज विश्व अलग स्थिति में दिखता है। डबल इंजन के प्रयास सभी तरफ दिख रहे हैं। केंद्र सरकार के प्रयास में उत्तराखंड की राज्य सरकार तेजी से उतरती है। गांव की सड़क हो या चारधाम की, अभूतपूर्व काम चल रहा है। दिल्ली-देहरादून की दूरी ढाई घंटे में तय होगी। उन्होंने अपने संबोधन में हवाई कनेक्टिविटी का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हर क्षेत्र में नए रास्ते बन रहे हैंङ्ख उद्योग के लिए नए अवसर बन रहे हैं। एक बहुत बड़ा अवसर मिल रहा है। यह एक अभूतपूर्व समय है भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहा है।

पीएम ने आगे कहा, बीते दिनों उत्तरकाशी में टनल से हमारे श्रमिक भाइयों को सुरक्षित निकालने का जो सफल अभियान चला उसके लिए मैं राज्य सरकार सेमत सभी का विशेषतौर पर अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा, मुझे उत्तराखंड के लिए एक कविता याद आती है, जहां अंजलि में गंगाजल हो जहां अंजलि में गंगाजल हो, जहां हर एक मां बस निश्चल हो, जहां गांव में देशभक्ति जहां नारी में सच्चा बाल हो, उसे देवभूमि का आशीर्वाद दिए मैं चला जाता हूं, इस देव भूमि के ध्यान से मैं सदा धन्य हो जाता हूं, भाग्य मेरा सौभाग्य मेरा मैं तुमको शीश नवाता। प्रधानमंत्री ने कहा कि साथियों समर्थ आपके लिए निवेश के बहुत सारे द्वार खोलने जा रही है आज भारत विकास भी और विरासत की भी मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है उत्तराखंड उसका प्रखर उदाहरण है। आप सभी बिजनेस की दुनिया के दिग्गज हैं। एक राष्ट्र के रूप में आज हम भारत को लेकर ऐसी ही स्वॉट एनालिसिस करें तो क्या हमें चारों तरफ एक्सप्रेशन हो सेल्फ कॉन्फिडेंस इनोवेशन और अपॉर्चुनिटी ही दिखेगी। हाल में हुई विधानसभा चुनाव में भी हमने देखा है और उत्तराखंड में लोगों ने पहले करके दिखाया।

## भारतीय वायुसेना की उपलब्धि, दुर्गम इलाके में पैराशूट से गिराए जा सकेंगे 16 टन वजनी हथियार

आगरा। भारतीय वायुसेना किसी भी दुर्गम इलाके में पैराशूट के जरिए 16 टन वजन के हथियार और अन्य सामग्री आसमान से जमीन पर उतार सकती है। आगरा की प्रतिष्ठित रक्षा लैब एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट स्टेब्लिशमेंट (एडीआरडीई) ने भारतीय वायुसेना के साथ मिलकर मलपुरा ड्रॉपिंग जोन में सी-17 ग्लोबमास्टर विमान से 16 टन वजनी प्लेटफार्म उतारा, जो 24 फुट लंबा और 8 फुट चौड़ा है। खास पहलू ये है कि यह पूरा पैराशूट सिस्टम और प्लेटफार्म स्वदेशी है।

भारतीय वायुसेना की पश्चिमी कमान ने सोशल साइट एक्स पर मलपुरा ड्रॉपिंग जोन पर बृहस्पतिवार को हुए ट्रायल की तस्वीरें साझा की हैं। इसमें बताया गया है कि पहली बार सफलतापूर्वक 16 टन वजन के प्लेटफार्म को वायुसेना के विमान से जमीन पर उतारा गया है। इसमें आगरा की एडीआरडीई लैब ने स्वदेशी पैराशूट सिस्टम का उपयोग किया है। पांच पैराशूट के सिस्टम से किसी भी दुर्गम इलाके में अब ज्यादा वजन वाले हथियार और रक्षा उपकरणों को सेना उतार सकेगी। एयरफोर्स के मलपुरा ड्रॉपिंग जोन में किए गए परीक्षण को तीन चरणों में किया गया। पहले चरण में सी-17 ग्लोबमास्टर विमान के बाहर लोड की जांच की गई। दूसरे चरण में लोडिंग की जांच कर 16 टन वजनी प्लेटफार्म को ग्लोबमास्टर विमान पर चढ़ाया गया। तीसरे चरण में प्लेटफार्म को विमान से पिछले हिस्से के दरवाजे को खोलकर गिराया गया। पांच पैराशूट के सिस्टम के खुलने के साथ ही ड्रॉपिंग जोन में प्लेटफार्म सफलतापूर्वक नीचे उतर आया। भारतीय रक्षा तैयारियों के लिहाज से यह बड़ा कदम है। इससे भारी रक्षा उपकरणों को पहुंचाने के साथ वायुसेना की क्षमताओं में इजाफा हुआ है। इससे पहले सात टन वजन तक के सामान को ही उतारने की क्षमता थी, जिसे 16 टन तक करने में सफलता मिली है।

## संपादकीय

### वैश्विक तापमान में हो रही वृद्धि पर वैज्ञानिकों ने रिपोर्ट जारी कर चिंता जताई

इस मौसम में जब शीतलहर शुरू होती है, दुनिया के बहुत सारे देश गर्मी झेल रहे हैं। पिछला महीना पिछले तीस वर्षों में सबसे गर्म नवंबर महीने के रूप में दर्ज हुआ। यह वर्ष बीतने को है, मगर तापमान बहुत सारी जगहों पर चौदह डिग्री के आसपास बना हुआ है। हालांकि भारत के कुछ पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का वातावरण बन चुका है, मगर अधिकतर मैदानी भाग गर्मी महसूस कर रहे हैं। बीता नवंबर पूर्व औद्योगिक काल से पौने दो डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म दर्ज हुआ। इसे लेकर दुनिया भर के पर्यावरणविदों की चिंता स्वाभाविक है। इन दिनों दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन चल रहा है। उसमें दुनिया के दो सौ वैज्ञानिकों ने एक रिपोर्ट जारी कर चेतावनी दी कि मौजूदा वृद्धि के कारण तापमान के पृथ्वी पर जीवन के लिए जरूरी पांच महत्त्वपूर्ण सीमाओं के पार कर जाने का खतरा है। इस रिपोर्ट में छब्बीस महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित किया गया है। देखना है कि धरती के तापमान में ताजा वृद्धि और इसे लेकर जताई जा रही चिंताओं को लेकर दुनिया के देश कितनी गंभीरता दिखाते और क्या व्यावहारिक कदम उठाते हैं। हालांकि इस बारे में फिलहाल कोई दावा करना मुश्किल है, क्योंकि पिछले अट्ठाईस वर्षों से इस सम्मेलन में इसी तरह चिंताएं जताई जाती और एहतियाती कदम उठाने के संकल्प दोहराए जाते रहे हैं, मगर कोई व्यावहारिक रास्ता अभी तक नहीं निकाला जा सका है। जलवायु परिवर्तन के कारण स्पष्ट हैं। हर साल दुनिया के तमाम देश इस सम्मेलन में जुटते और जीवाश्म ईंधन के उपयोग में कटौती, औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन पर रोक लगाने के वादे करके वापस लौट जाते हैं। मगर सच्चाई यह है कि हर साल वैश्विक तापमान में कुछ वृद्धि ही दर्ज होती जा रही है। मौसम का मिजाज इस कदर बदल चुका है कि कहीं चक्रवात, बेमौसम तेज बारिश, तो कहीं ठंडे कहे जाने वाले शहरों में लू के थपेड़ों से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। इसका सबसे बुरा प्रभाव खेती-किसानी, बागबानी, पशुपालन पर पड़ रहा है। बहुत सारी वनस्पतियां और वन्यजीव खतरे की कगार पर पहुंच चुके हैं। भारत में इस वक्त जब गेहूं और दलहनी फसलों के लिए ठंडे मौसम और कोहरे की जरूरत होती है, तब धरती तप रही है। इससे फसलों की बढ़वार प्रभावित होगी। फिर पिछले कुछ सालों से देखा जा रहा है कि फरवरी का महीना शुरू होते ही मौसम में गर्मी लौट आती है। इस तरह फसलों में ठीक से दाने नहीं भरने पाते। इससे स्वाभाविक ही अन्न के उत्पादन पर बुरा असर पड़ रहा है। मौसम का चक्र बिगड़ने से अनेक नए प्रकार के विषाणु पनप रहे हैं, जो स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं। वायु प्रदूषण और उससे पैदा होने वाली बीमारियों को रोकना बहुत सारे देशों के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। इस तरह दुनिया भर में स्वास्थ्य खर्च बढ़ा है। जिन देशों का श्रमबल अधिक समय अस्वस्थता से जूझता है, वहां के उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ता है। इन तथ्यों से अब शायद ही कोई अपरिचित है। मगर हैरानी की बात है कि धरती पर जीवन के लिए खतरा बन चुके जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अपेक्षित संजीदगी कहीं नजर नहीं आती। कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने और इसके दोषियों पर दंड के प्रावधान को लेकर अब तक कोई व्यावहारिक रास्ता नहीं बन पाया है। इसके लिए कोष बनाने पर रजामंदी नहीं हो पाई है। इस तरह तो तपती धरती को शायद ही ठंडक पहुंचेगी।

### है प्रदर्शन काल!



रस्साकस्सी चल रही ।
किसको दें कमान ?
सबकी है प्रतिष्ठा ।
और सबका सम्मान ।।
अपनी-अपनी शक्ति का ।
है प्रदर्शन काल ।।
कौन कौन है एकजुट ।
है बड़ा सवाल ।।
खुल रही है कलई ।
छिड़ा घमासान ।।
सबकी इच्छा बलवती ।
छू लें आसमान ।।
है भविष्य के गर्भ में ।
होगा कब कमाल ?
है बड़ा दिलचस्प ।
गलनी किसकी दाल ।।

–कृष्णोन्द्र राय

# कांग्रेस की तंगदिली के चलते बिखरने लगा है विपक्षी गठबंधन इंडिया

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। देशभर फिलवक्त चर्चा हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की जीत की है। बीजेपी मध्य प्रदेश में सरकार बचाने में सफल रही और पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को हराकर बीजेपी सत्ता में लौट आई है। वहीं राजस्थान में हर चुनाव में सरकार बदलने का रिवाज बदलना चाह रही कांग्रेस नाकामी हाथ लगी है। उसे सिर्फ दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना में ही सफलता मिली है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी की प्रचंड जीत ने चुनावी पंडितों को हैरान कर दिया है, वहीं तेलंगाना और मिजरोम में बीजेपी के बढ़ते जनाधार ने इंडी गठबंधन में खलबली मचा दी है। कांग्रेस के लचर और निराशाजनक प्रदर्शन का असर इंडी गठबंधन की एकजुटता पर भी दिखाई देने लगा है। सवाल उठ रहे हैं कि इन नतीजों का इस गठबंधन और इसके भविष्य पर क्या असर पड़ेगा। ऐसा इसलिए भी, क्योंकि नतीजों के बाद इंडिया के घटक दलों ने कांग्रेस के रवैए पर सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडी गठबंधन की बैठक बुलाई थी। लेकिन बैठक से ठीक एक दिन पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरने, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बैठक में शामिल होने से इंकार कर दिया। कांग्रेस की तरफ से सफाई दी गई है कि बारिश की वजह से चेन्नई एयरपोर्ट बंद है, ऐसे में स्टालिन भी शामिल नहीं हो पा रहे हैं। वहीं नीतीश कुमार की तबीयत ठीक नहीं हैं, जबकि ममता बनर्जी कार्यक्रम में व्यस्त है। गठबंधन के कई सहयोगियों के इनकार के बाद इंडी गठबंधन की बैठक को टालना पड़ गया है। अब कांग्रेस के सामने अपने कुनबे को बचाये रखने की चुनौती है। कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन से इंडी गठबंधन के घटक दलों को प्रेशर पॉलिटिक्स करने का मौका मिल गया। इंडी गठबंधन में शामिल दल अब कांग्रेस को गठबंधन धर्म पालन नहीं करने की याद दिला रहे हैं। साथ ही बता रहे हैं कि गठबंधन न करने का खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा है। ऐसे में घटक दल कांग्रेस की आपदा में अपना अवसर तलाश रहे हैं।




अपनी शर्तों पर कांग्रेस से समझौता करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने बैठक से दूरी बनाकर कांग्रेस को स्पष्ट संदेश दे दिया है। इंडी गठबंधन की दूसरी बैठक के बाद ही ममता बनर्जी ने जो तेवर दिखाया था, उससे पता चल गया था कि गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके बाद बैठक में शामिल होने से इंकार कर ममता बनर्जी ने अपनी नाराजगी प्रकट कर दी है। हालांकि उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि बैठक कब और कहां हो रही है इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। किसी ने मुझे बैठक के बारे में नहीं बताया था और ना ही कोई फोन आया था। अगर उन्हें पता होता तो बैठक में चली जाती है। इसके विपरीत कांग्रेस की तरफ से कहा जा रहा है कि सभी नेताओं को बैठक की सूचना दे दी गई थी। ममता बनर्जी की सफाई और कांग्रेस के बचाव ने गठबंधन की पोल खोलकर रख दी है। इससे पहले कांग्रेस की हार पर ममता बनर्जी से सवाल किया गया तो उन्होंने दो टूक कहा कि ये जनता की नहीं कांग्रेस की हार है। कांग्रेस की हार जमींदारी एटीट्यूड की वजह से हुई है। वहीं जनता दल यूनाइटेड का कहना है कि कांग्रेस के घमंड की वजह से हार मिली है।

वास्तव में पांच राज्यों में चुनाव से पहले कांग्रेस हसीन सपने देख रही थी। उसे चुनाव में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। इसके माध्यम से वो अपनी बार्गेनिंग पावर बढ़ाने और इंडी गठबंधन की ड्राइविंग सीट पर मजबूती के साथ बैठकर मनमाना फैसले लेने की सोच रही थी। लेकिन खराब प्रदर्शन ने उसके उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। अब बाजी पूरी तरह पलट गई है। अब कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। और उसे इंडी गठबंधन के घटक दलों की नसीहत, शर्तों और बार्गेनिंग से जूझना पड़ रहा है। आने वाले समय में घटक दलों के दबाव और हमलों और बढ़ेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इंडिया गठबंधन और कांग्रेस ने इन चुनावों में एक मौका गंवाया है। इन चुनावों में विपक्षी दलों को साथ लेने और एक राजनीतिक बदलाव की पहल कांग्रेस कर सकती थी, जिससे इंडिया गंठबंधन की भावना को मजबूती मिलती। छोटी पार्टियों को अपने साथ लेने से कांग्रेस को जो फायदा मिल सकता था, उसमें उसने चूक की है। गठबंधन बनने से जो राजनीतिक शक्ल बदलती है, वह विधानसभा चुनाव में नहीं बदली। जैसे तेलंगाना में कांग्रेस ने सीपीआई के साथ गठबंधन किया था, लेकिन सीपीएम के साथ नहीं किया था। तो इस तरह से बाकी जगह भी छोटे दलों को साथ लाने का फायदा वे नहीं ले पाए। छत्तीसगढ़ में अजीत जोगी की पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ का वोट बीजेपी को ट्रांसफर हो गया। इसी तरह कांग्रेस राजस्थान में भारत आदिवासी पार्टी यानी बीएपी के साथ गठबंधन कर सकती थी। अखिलेश यादव की पार्टी समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ना चाहती थी तो एक-दो सीटें उन्हें दी जा सकती थीं। कुछ सीटें वामदलों को कांग्रेस दे देती तो नई राजनीति ला सकते थे। लेकिन कांग्रेस भी साफ्ट-हिंदुत्व के फेर में पड़ गई। लेकिन कांग्रेस ने न हिंदुत्व को चुनौती दी, न ही उस पर खेल पाई। और कांग्रेस की इन तमाम चूकों का नतीजा अब सबके सामने है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अगर छोटे दलों को साथ लिया जाता तो फायदा होता।

जैसे समाजवादी पार्टी को मध्य प्रदेश में मौका दिया जाता, तो बिहार और यूपी के स्ट्रक्चर को आगे बढ़ाने और स्वीकार्यता बनाने का अवसर मिलता। लेकिन अभी इसके लिए लंबी लड़ाई की जरूरत पड़ेगी, क्योंकि वहां पर ऐसा स्ट्रक्चर खड़ा ही नहीं था। वास्तव में, इंडिया गठबंधन पहले ही दिन से कई चुनौतियों से जूझ रहा है। जैसे इसके घटक दल कई राज्यों में एक दूसरे के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी हैं और वे एक-दूसरे के विरुद्ध चुनाव भी लड़ते रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न मुद्दों और विषयों पर उनकी राय और स्टैंड भी अलग है। मध्य प्रदेश चुनाव में गठबंधन नहीं होने से अखिलेश यादव पहले ही मोर्चा खोल चुके हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी पहले ही कांग्रेस और लेफ्ट से सीट शेयरिंग को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है। नीतीश कुमार भी समय-समय पर आंखें दिखाते रहते हैं। ऐसे में कांग्रेस अब घटक दलों के सामने पूरी तरह बेबस और लाचार हो चुकी है।

# लाखों लोगों को चीनी जेलों में जबरन श्रम का शिकार बनाया जाता है: अनिल प्रसाद हेगड़े

दुनिया भर में 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के संविधान में मौलिक मानवाधिकार निहित हैं। दुर्भाग्य से, यह स्वतंत्रता हमारे पड़ोसी देश चीन में नहीं है। चीन में फालुन गोंग साधना पद्धति के अभ्यासियों, तिब्बती बुद्धमत, वीगर मुस्लिम, और कुछ इसाई पंथों का कई वर्षों से बर्बर दमन किया जा रहा है। 5 दिसंबर को, राज्यसभा के सदस्य अनिल प्रसाद हेगड़े (JDU) ने सदन के समक्ष चीन में फालुन गोंग अभ्यासियों और उइगर मुसलमानों के उत्पीड़न का मुद्दा उठाया। उन्होंने भारत सरकार से ऐसे उल्लंघनों का विरोध करने के लिए एक अभियान शुरू करने का आग्रह किया।

श्री हेगड़े ने भारतीय संसद को बताया: "शिनजियांग में फालुन दाफा अभ्यासियों [और] उइगर मुसलमानों सहित लाखों लोगों को चीनी जेलों में जबरन श्रम का शिकार बनाया जाता है। मानवाधिकारों, श्रम कानूनों और पर्यावरण कानूनों के उल्लंघन के कारण, हमारा पड़ोसी सस्ते सामान का निर्माण करने में सक्षम है, जो [बदले में] हमें कम प्रतिस्पर्धी बनाता है."

श्री हेगड़े ने कहा, "जब तक हम चीन के अंदर मानवाधिकारों के उल्लंघन, श्रम कानून के उल्लंघन, पर्यावरण कानून के उल्लंघन को रोकने के लिए अभियान शुरू कर-के खामियों को नहीं भरते, मुझे लगता है कि भारत के विनिर्माण

**विश्व मानवाधिकार दिवस विशेष**

क्षेत्र में सुधार करना मुश्किल होगा।"

विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर, हम शांतिपूर्ण आध्यात्मिक अभ्यास, फालुन गोंग पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) द्वारा किए जा रहे अत्याचारों को उजागर कर रहे हैं और आपको बताना चाहते हैं कि यह जानकारी हमारे लिए प्रासंगिक क्यों है।

**फालुन गोंग क्या है?**– फालुन गोंग (जिसे फालुन दाफा भी कहा जाता है) बुद्ध और ताओ विचारधारा पर आधारित साधना अभ्यास है जो सत्य-करुणा-सहनशीलता के सिद्धांतों पर आधारित है। फालुन गोंग की शुरूआत 1992 में श्री ली होंगजी द्वारा चीन की गयी। आज इसका अभ्यास दुनिया भर में, भारत सहित, 100 से अधिक देशों में किया जा रहा है।




**चीन में फालुन गोंग का दमन**– इसके स्वास्थ्य लाभ और आध्यात्मिक शिक्षाओं के कारण फालुन गोंग चीन में इतना लोकप्रिय हुआ कि 1999 तक करीब 7 से 10 करोड़ लोग इसका अभ्यास करने लगे। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की मेम्बरशिप उस समय 6 करोड़ ही थी। उस समय के चीनी शासक जियांग जेमिन ने फालुन गोंग की शांतिप्रिय प्रकृति के बावजूद इसे अपनी प्रभुसत्ता के लिए खतरा माना और 20 जुलाई 1999 को इस पर पाबंदी लगा कर कुछ ही महीनों में इसे जड़ से उखाड़ देने की मुहीम चला दी। पिछले 24 वर्षों से फालुन गोंग अभ्यासियों को चीन में यातना, हत्या, ब्रेनवाश, कारावास, बलात्कार, जबरन मजदूरी, दुष्प्रचार, निंदा, लूटपाट, और आर्थिक अभाव का सामना करना पड रहा है।



**चीन में अवैध अंग प्रत्यारोपण अपराधों को उजागर करने के लिए एक डॉक्टर संस्था को सम्मान**– भारत के लिए यह महत्वपूर्ण है कि 2019 का प्रतिष्ठित मदर टेरेसा मेमोरियल अवार्ड, डाफोह (डॉक्टर्स अगेंस्ट ऑर्गन हार्वेस्टिंग) के संस्थापक डॉ. टॉर्स्टन ट्रे को दिया गया है। यह पुरस्कार डाफोह द्वारा चीन में फालुन गोंग अभ्यासियों के जबरन अंग निकाले जाने के जघन्य अपराध के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रदान किया गया जो उनके द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्य का प्रमाण है ।

**यह भारत के लिए प्रासंगिक क्यों है?**– चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की धारणाएं और नीतियां उन सभी चीजों का खंडन करती हैं जिनका भारत जैसी एक प्राचीन संस्कृति और आधुनिक लोकतंत्र प्रतिनिधित्व करता है। भारत के पास चीन को सिखाने के लिये बहुत कुछ है। सीसीपी द्वारा फालुन गोंग का दमन और नरसंहार मानवता के खिलाफ अपराध है। भारत के नागरिकों को भी चीन में हो रहे मानवाधिकार हनन की निंदा करनी चाहिए और फालुन गोंग अभ्यासियों का समर्थन करना चाहिए। एक भारतीय संस्था द्वारा 2019 का मदर टेरेसा मेमोरियल अवार्ड एक ऐसे संगठन को दिया जाना जो चीन में मानवाधिकार अपराधों के बारे में जागरूकता बढ़ा रहा है, सही दिशा में एक कदम है। यही सोच भारत को विश्वगुरु का दर्जा दिला सकती है।

# बहुत बड़ा झोल बनते जा रहे हैं एग्जिट पोल, चुनाव दर चुनाव खुल रही है इनकी पोल

**योगेश कुमार गोयल**

तेलंगाना विधानसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया के समापन के साथ ही पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम सर्वे एजेंसियों ने अपने-अपने एग्जिट पोल्स का प्रसारण कर दिया था। मिजोरम में 7 नवम्बर, छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवम्बर, मध्य प्रदेश में 17 नवम्बर, राजस्थान में 25 नवम्बर और तेलंगाना में 30 नवम्बर को मतदान हुआ था। अधिकांश एग्जिट पोल में राजस्थान और मध्य प्रदेश में सत्ता के लिए कांटे की टक्कर होने का अनुमान लगाया था लेकिन कुछ एग्जिट पोल ऐसे भी थे, जिनमें किसी में कांग्रेस की एकतरफा जीत का अनुमान व्यक्त किया गया था तो किसी में भाजपा की। राजस्थान में आज तक-एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में कांग्रेस के 86-106 जबकि भाजपा के 80-100 सीटें जीतने का अनुमान लगाया था, वहीं जन की बात के एग्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस को केवल 62-85 सीटें और भाजपा को 100-122 सीटें मिलने का अनुमान था। इंडिया टीवी-सीएनएक्स के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 94-104 सीटें मिलने का अनुमान था जबकि भाजपा के 80-90 सीटों पर ही सिमटने की भविष्यवाणी भी थी जबकि दैनिक भास्कर के एग्जिट पोल के मुताबिक भाजपा को 95-115 और कांग्रेस को 105-120 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की गई थी। जन की बात के एग्जिट पोल में भाजपा को 100-123 और कांग्रेस को 102-125 सीटें मिलने का अनुमान था। टीवी-9 पोलस्ट्रैट के एग्जिट पोल में कहा गया था कि भाजपा को 106 और कांग्रेस को 111-121 सीटें मिल सकती हैं। छत्तीसगढ़ में तो लगभग सभी एग्जिट पोल कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलने की बात कही गई थी। राजस्थान में न्यूज 24-टुडेज चाणक्य ने भाजपा को 77-101, कांग्रेस को 89-113 और अन्य को 2-16 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया था। इसी प्रकार भाजपा, कांग्रेस तथा अन्य को इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने क्रमशः 80-100, 86-106 तथा 9-18, टीवी9-पोलस्टार ने 100-110, 90-100 तथा 5-15, दैनिक भास्कर ने 95-115, 105-120 तथा 0-15 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की थी। वहीं एबीपी-सी वोटर ने भाजपा, कांग्रेस तथा अन्य को क्रमशः 94-114, 71-91 सीटें मिलने का अनुमान जताया था। चुनावी नतीजे देखें तो राजस्थान में भाजपा को 115, कांग्रेस को 69 तथा अन्य को 15 सीटें मिली हैं जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा को 164, कांग्रेस को 65 और अन्य को 1 सीट मिली हैं, वहीं छत्तीसगढ़ में भी भाजपा तमाम एग्जिट पोल के अनुमानों से परे 54



सीटें हासिल कर पूर्ण बहुमत हासिल करने में सफल रही है। विभिन्न एग्जिट के मुताबिक मिजोरम में एमएनएफ को 14 से 18, कांग्रेस को 8 से 10, जेपीएम को 12 से 16 सीटें मिलने के अनुमान था और त्रिशंकु विधानसभा होने की भविष्यवाणी की गई थी। हालांकि चुनावी नतीजों में जेपीएम को पूर्ण बहुमत के साथ 27 सीटें मिली जबकि एमएनएफ को 10, भाजपा को 2 और कांग्रेस को महज 1 सीट ही मिली यानी मिजोरम में भी तमाम एग्जिट पोल औंधे मुंह गिरे।

देखने वाली बात यह है कि कई एग्जिट पोल के आंकड़ों में बड़ा अंतर था और साथ ही इनमें हमेशा प्लस-माइनस का भी बड़ा खेल शामिल रहता है। यही कारण है कि एग्जिट पोल में किए जाने वाले दावों पर अब आंख मूंदकर भरोसा नहीं किया जाता क्योंकि ये केवल चुनाव परिणामों का पूवार्नुमान ही होते हैं और अभी तक कई बार ऐसा हो चुका है, जब विभिन्न एग्जिट पोल में किए गए पूवार्नुमान से चुनाव परिणाम बिल्कुल उलट रहे। वैसे चुनावी सर्वे कराए जाने का इतिहास बहुत पुराना है और दुनिया के कई देशों में ऐसे सर्वे कराए जाते हैं। चुनावी प्रक्रिया के दौरान जब तक अंतिम वोट नहीं पड़ जाता, तब तक किसी भी रूप में एग्जिट पोल का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि एग्जिट पोल मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही दिखाए जाते हैं। मतदान खत्म होने के कम से कम आधे घंटे बाद तक एग्जिट पोल का प्रसारण नहीं किया जा सकता। इनका प्रसारण तभी हो सकता है, जब चुनावों की अंतिम दौर की वोटिंग खत्म हो चुकी हो। यह नियम तोड़ने पर दो वर्ष की सजा या जुमार्ना अथवा दोनों हो सकते हैं। यदि कोई चुनाव कई चरणों में भी सम्पन्न होता है तो एग्जिट पोल का प्रसारण अंतिम चरण के मतदान के बाद ही किया जा सकता है लेकिन उससे पहले प्रत्येक चरण के मतदान के दिन डेटा एकत्रित किया जाता है। एग्जिट पोल से पहले चुनावी सर्वे किए जाते हैं और सर्वे में बहुत से मतदान क्षेत्रों में मतदान करके निकले मतदाताओं से बातचीत कर विभिन्न राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों की हार-जीत का आकलन किया जाता है। अधिकांश मीडिया संस्थान कुछ प्रोफैशनल एजेंसियों के साथ मिलकर एग्जिट पोल करते हैं। ये एजेंसियां मतदान के तुरंत बाद मतदाताओं से यह जानने का प्रयास करती हैं कि उन्होंने अपने मत का प्रयोग किसके लिए किया। उन्हीं आंकड़ों के गुणा-भाग के आधार पर हार-जीत का अनुमान लगाया जाता है। इस आधार पर किए गए सर्वेक्षण से जो व्यापक नतीजे निकाले जाते हैं, उसे ही ह्यएग्जिट पोलह्व कहा जाता है। चूंकि इस प्रकार के सर्वे मतदाताओं की एक निश्चित संख्या तक ही सीमित रहते हैं, इसलिए एग्जिट पोल के अनुमान हमेशा सही साबित नहीं होते। एग्जिट पोल वास्तव में कुछ और नहीं बल्कि वोटर का केवल रूझान होता है, जिसके जरिये अनुमान लगाया जाता है कि नतीजों का झुकाव किस ओर हो सकता है। एग्जिट पोल के दावों का ज्यादा वैज्ञानिक आधार इसलिए भी नहीं माना जाता क्योंकि ये कुछ हजार लोगों से बातचीत करके उसी के आधार पर तैयार किए जाते हैं। वास्तव में ये सिर्फ अनुमानित आंकड़े होते हैं और कोई जरूरी नहीं कि मतदाता ने सर्वेकताओं को अपने मन की सही बात ही बताई हो।

# कोई भी पात्र मतदाता बनने से न छूटे




जौनपुर। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा के निर्देशन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचन साक्षरता क्लब जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर द्वारा डायट परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके माध्यम से लोगों को मतदाता बनाने और लोगों में निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने के लिए जागरुक किया गया। इस अवसर पर डायट प्रशिक्षुओं ने पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से वोटर बनने के लिए लोगों को प्रेरित किया। वोटर जागरुकता हेतु प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत नाटक आकर्षण का केंद्र रहा। उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डायट डा 0विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि युवा, भावी पीढ़ी ही इस देश के भविष्य हैं और आप लोगों का एक-एक मत देश का भविष्य निर्धारण करेगा। और आप वोट तभी दे सकते हैं जब वोटर लिस्ट में आपका नाम होगा, इसलिए जिन्होंने भी 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है या 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष के हो जायेगें वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाये। मात्र दो दिन शेष है 9 दिसम्बर 2023 तक ही वोटर बनने हेतु नामांकन का कार्य होगा। हर वोट जरुरी है कोई भी पात्र मतदाता बनने से न छूटने पाये। उन्होंने अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि अपने साथ ही परिवार व आसपास के लोगों को भी वोटर बनने के लिए प्रेरित करें। तथा आगामी लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागरुक करते रहे। प्रवक्ता डा आर एन यादव ने कहा कि महिला पुरुष, तृतीय लिंग व दिव्यांग सभी पात्र लोगों का मतदाता होना जरुरी है विशेषकर युवाओं व महिलाओं को मतदाता बनने के लिए जागरूक करें। मतदाता बनने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 9 दिसम्बर तक ही दावे व आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने छात्र छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कराया जिससे छात्र अन्य लोगों को वोटर बनाने के लिए जागरूक कर सकें। स्वीप नोडल डायट नवीन सिंह ने लोगों को मतदाता बनने की शपथ दिलाई। संचालन जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। डायट प्रवक्ता डा शैलेश कुमार, राजकुमार, नीरज मणि त्रिपाठी, विनय कुमार यादव, मंजूलता यादव, किरन त्रिपाठी, अमित कुमार, वरुण कुमार हयूमाना संस्था से डा0 चन्द्रशेखर आदि सहित डायट के प्रवक्ता व डायट प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सोनभद्र में मनाया गया सशस्त्र सेना झंडा दिवस




सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह सहित प्रशासनिक सेवा ने गुरुवार को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस ज़िलाधिकारी कैम्प कार्यालय में मनाया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस अनुदान भी दिया एवं जनपद के सभी अधिकारियों/कार्मिकों के साथ ही आम नागरिकों से आग्रह किया कि वह हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी 07 दिसम्बर 2023 को पूरे उत्साह के साथ सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनायें और देश के प्रहरी सैनिकों एवं आश्रितों के कल्याणार्थ एवं पुनर्वास हेतु एकत्र किये जाने वाली धनराशि में स्वेच्छा से सहयोग दें। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) एवं मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालयों में जाकर प्रतीक झण्डा को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, कैप्टन (नौ सेना) आशुतोष चौधरी (अ0प्रा0) ने उनको प्रदान किया। आगे उन्होंने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर प्रतीक झण्डों/कार झण्डों का कोई मूल्य निर्धारित नहीं होता, ये अमूल्य है। ये धन संग्रह करने के लिए प्रतीक और देशवासियों द्वारा सैनिक की देश की रक्षा करते हुए दिए गए बलिदान एवं सतत सुरक्षा प्रदान करते रहने की कृतज्ञताा है। झण्डा दिवस के अवसर पर एकत्र धनराशि को रक्षा मंत्रालय को भेजा जाता है, जिसका उपयोग मंत्रालय की निगरानी में शहीद/भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के आर्थिक कष्टों के निवारणार्थ एवं सशस्त्र सैनिकों के कल्याणार्थ किया जाता है।

# "डॉ प्रभात कुमार सिंह को उत्कृष्ट वेद अध्येता सम्मान"



चुनार मिजार्पुर। विश्वभारती अनुसंधान परिषद् ज्ञानपुर एवं संस्कृत विभाग काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर भदोही के द्वारा आयोजित स्व. पद्मश्री डॉ कपिल देव द्विवेदी जयंती एवं विद्वत सम्मान समारोह के अवसर पर 6 दिसंबर 2023 को स्व0 पद्मश्री डॉ कपिल द्विवेदी का वैदिक साहित्य को अवदान विषय संगोष्ठी में वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु डॉ प्रभात कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मिजार्पुर को उत्कृष्ट वेद अध्यता सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी एन डोंगरे एवं समस्त प्राध्यापकों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्हें बधाई दिया। डॉ0 प्रभात कुमार सिंह वेदों के ऊपर अब तक कुल 28 शोधपत्रों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित करवा चुके हैं तथा कुल उनके 42 शोध पत्र तथा पांच पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है।

# हलिया के महुगढ़ी गांव पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमण्डल

मीरजापुर। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के महुगढ़ी गॉव के एक युवक को महुआ के पेड़ में रस्सी के सहारे उल्टा लटकाकर निर्मम पिटाई करने व बांधकर युवक बेल्ट से पिटाई करने के मामले को लेकर समाजवादी पार्टी ने घटना की निंदा की है। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने प्रतिनिधिमण्डल भेजकर वास्तविकता की जानकारी ली है। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि युवक जयशंकर को पिटने के अलवा मिर्चा का धुंआ भी दिया गया था। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जबकि एक फरार है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद में आये दिन घटनाएं हो रही हैं। पुलिस प्रशासन इन सब मामलों को गंभीरता से लेना चाहिए था। प्रतिनिधिमण्डल मौके पर जाकर पूरी हकीकत की जानकारी ली। युवक जयशंकर पुत्र स्व0 कैलाश निवासी महुगढ़ी हलिया का रहने वाला है। युवक मॉ चन्द्रकली ने बताया कि मेरे लड़के को अनायास ही मारा पीटा गया। प्रतिनिधिमण्डल में जिला सचिव संजय सिंह, शिव प्रसाद तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष हलिया मुकुन्द यादव, नियाज खां, शिवजी पाण्डेय आदि दर्जनो लोग शामिल रहे।



# कई ब्लाकों में संकल्प यात्रा आज

जौनपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 08 दिसम्बर को जनपद के विकासखंड सिकरारा की ग्राम पंचायत निरकोजपुर और सराय रायचंद, धमार्पुर की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर और समोपुर कला, सिरकोनी की ग्राम पंचायत धनेजा और गोपीपुर, मुफ्तीगंज के ग्राम गद्दीपुर और देवाकलपुर, केराकत की ग्राम पंचायत नरहन और सरायवीरु, डोभी की ग्राम पंचायत बहिरी और रेहारी, रामनगर की ग्राम पंचायत दुहावुर और उसराव, बरसठी की ग्राम पंचायत कारो और वाजिदपुर, मछलीशहर की ग्राम पंचायत विश्वपालपुर और रामपुरकला, मुंगराबादशाहपुर की ग्राम पंचायत पुरादयाल और जमालपुर, महराजगंज की ग्राम पंचायत बिझवट और मानिकपुर, बदलापुर के ग्राम पंचायत राऊतपुर और कृष्णापुर, सुईथाकला की ग्राम पंचायत दुमदमा और ईशापुर, शाहगंज की ग्राम पंचायत डण्डसौली और हजीरफीपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबर

### बीजपुर व आसपास इलाके में 24 घंटे से लगातार बारिश से जनजीवन बेहाल




बीजपुर (सोनभद्र )। क्षेत्र में लगातार बारिश से जहा किसानों की चिंता बढ़ गई है वही बारिश में स्कूली बच्चों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आम जनजीवन अस्त-व्यस्त की स्थिति में है। खलिहान में धूप की आस में कटी हुई धान की फसल सूखने को कौन कहे उल्टा सिर मुड़ाते ही ओले पड़ने की कहावत चरितार्थ हुई है। कई दिनों से चल रही बूंदाबांदी के चलते क्षेत्र के कुछ विद्यालयों में छुट्टी कर दी गई। जरहा न्याय पंचायत क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में जहा बच्चों की उपस्थिति काफी कम रही। वही बच्चे कहीं रेनकोट व छाता लगाकर बचते बचाते बच्चे स्कूल पहुचे।

### गंदे पानी के बहने को लेकर गांव में तनाव



मिजार्पुर। विकासखंड नारायणपुर के ग्राम सभा भोर मार माफी में गंदे पानी के बहने को लेकर गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है गांव के किसान दिनेश मिश्रा के चक में गांव का गंदा पानी जाने के कारण उनके फसले बर्बाद हो रही थी। जिसको लेकर उन्होंने खेत से सटे चैंबर को फिलहाल में ढक दिया है। इसी विषय को लेकर गांव में तनाव का माहौल बन गया प्रधान पुत्र सुभाष गुप्ता का कहना है कि मैं अपने बजट के अनुसार कार्य कर रहा हूं गांव में नक्शा में पानी बहने हेतु नाली का निर्माण कराया था जिसे रोक दिया गया है वही ग्रामीणों ने किसी भी प्रकार के अवरोध न होने की मांग की है। उक्त अवसर पर धर्मेंद्र गुप्ता, संदीप सिंह,भानु सैनी,अमरनाथ सिंह, दीपक गुप्ता, पवन सिंह शाहिद तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पुलिस को देख पिकप पर लदी सात गोवंश छोड़कर भाग गए गोतस्कर

जफराबाद। जलालपुर क्षेत्र के हौज टोलप्लाजा के नजदीक गुरुवार की भोर में पुलिस को देख कर पिकप पर लदे सात गोवंशों को छोड़कर गोतस्कर भाग निकले। पुलिस ने वाहन सहित ऊक्त गोवंशों को कब्जे में ले लिया है। पुलिस भोर में वाराणसी लखनऊ राजमार्ग पर तैनात थी। उसी समय लखनऊ की तरफ से एक पिकप आती हुई दिखाई दी। पुलिस को अचानक टोलप्लाजा के थोड़े पहले मोड़ पर खड़ा देखकर पिकप में सवार चालक सहित अन्य तीन लोग पिकप खड़ी करके भाग निकले। उनकी उस हरकत से पुलिस को शक हुआ। पुलिस पिकप के पास पहुंच गई। पिकप में दो गाय तथा पांच बैलों को रस्सियों से बड़ी ही निर्ममता से बांधा गया था।उन गोवंशों को तत्काल पुलिस के जवानों ने उसमें से किसी प्रकार बाहर निकाला। उसके बाद थानाप्रभारी राजेश यादव को जानकारी दिया। थाना प्रभारी श्री यादव ने बताया कि गोतस्कर के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। ये सम्भवतः चंदौली जनपद के है। जल्द ही पकड़ लिए जायेंगे।

### टाटा एस के चपेट में आकर युवक की मौत

जफराबाद। जलालपुर क्षेत्र के हौज गांव के पास सिरकोनी ब्लॉक के नजदीक गुरुवार को टाटा एस की चपेट में आकर एक 35 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गयी। जलालपुर क्षेत्र के प्रधानपुर गांव निवासी पवन कुमार सिंह पुत्र रंग बहादुर सिंह बाइक से जौनपुर से शहर से घर जा रहे थे। ऊक्त स्थान पर जब पवन बाइक से पहुंचे थे तभी उनके बगल से जा रही टाटा एस को एक कार ओवरटेक करते समय टाटा एस को टक्कर मार दिया। टाटा एस ने बाइक सवार पवन को टक्कर मार दिया। जिससे पवन कुमार बाइक सहित गिर गया।उसकी को काफी चोट आई। उसकी मौके पर मौत हो गयी। हालांकि उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की दो सन्तान है। वह तीन भाइयों में दूसरे नम्बर पर था। घटना की सुचना पर परिवार व परिचितों की भीड़ जमा हो गयी।

### अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने से रोष

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ग्राम भकुर महापरिनिर्वाण दिवस से पूर्व संविधान रचियता भीम राव अंबेडकर की मूर्ति को अंधेरे का लाभ उठाते हुए तोड़ दिया। डॉ0 भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने की घटना के साथ साथ सोलर पैनल चुराने का मामला भी प्रकाश में आया है। इस घटना को लेकर आस पास के रहने वाले लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मूर्ति तोड़ने के मामले को लेकर जांच में जुट गई है।

# टोल प्लाजा के खिलाफ धरना दे रहे किसानों का प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिलने पहुंचा

मिजार्पुर। भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल वीरेंद्र सिंह जिला महासचिव के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन जी से वार्ता कर ज्ञापन प्रेषित किया और बताया कि भारतीय किसान यूनियन हमेशा किसानों की समस्याओं की बात करता रहता है, विगत 23 दिन से बनस्थली महाविद्यालय अहरौरा के पास वाराणसी शक्ति नगर मार्ग SH5A के किनारे किसान धरना पर बैठे हुए हैं और उनकी बातों को अनसुना किया जा रहा है, जबकि पूर्व में 26 अक्टूबर 2023 से किसान जब धरना पर बैठे तो 5 नवंबर को अपर जिलाधिकारी वित्त के आश्वासन पर किसानों ने 25 नवंबर तक के लिए धरना को स्थगित कर दिए, समस्या का समाधान न होने पर पुनः 26 नवंबर से किसान धरने पर बैठे हुए हैं, महोदया प्रमुखता से संज्ञान लेकर समस्या का समाधान करवाने का कष्ट करें, समस्याएं निम्नवत है



1. यूपी स्टेट हाईवे अथॉरिटी के नियमों के अनुसार 50 किलोमीटर दूर पर ही टोल प्लाजा स्थापित किया जा सकता है पहले से ही वाराणसी शक्ति नगर मार्ग SH5A पर फतेहपुर टोल प्लाजा स्थापित है महज 16 किलोमीटर दूर पर ही टोल स्थापित किया जा चुका है जो नियम के विरुद्ध हैं क्योंकि सड़क निर्माण के समय डीपीआर में वनस्थली महाविद्यालय अहरौरा के पास कोई टोल प्लाजा का जिक्र नहीं था, इस टोल को हटाया जाए।

2. फत्तेपुर टोल प्लाजा पर एक माह की रिचार्ज की व्यवस्था हैं, माह के प्रथम तारीख से 30 तारीख का रिचार्च करने का प्राविधान कर दिया गया हैं। अगर कोई व्यक्ति 25 या 28 तारीख को रिचार्ज कराता है तो उनको माह का शेष 5 व 2 दिन ही दिया जाता है ।जो कि सरासर गलत है,जबकि 30 दिन प्रयोग करने के बाद ही रिचार्ज की वैधता समाप्त होनी चाहिए या जिस तारीख को रिचार्ज हो उसी तारीख को अगले माह में समाप्त होना चाहिए।

3. एक बार टोल शुल्क देने के बाद 12 घंटा तक यात्री वापस आता है तो वही रसीद नियमतः वैधता की श्रेणी में आती है लेकिन टोल प्लाजा पर घण्टे भर बाद ही वापस आने पर पुनः शुल्क लिया जाता है ,जो सरासर गलत है।

4. जनपद में जल जीवन मिशन के लिए जनपद के सभी बांधों से पानी लिया जा रहा है सोन लिफ्ट परियोजना को चलाकर डोंगिया जलाशय और अहरौरा जलाशय को भरा जाए, चुनार डगमगपुर के बीच में गंगा नदी पर पंप कैनाल लगाकर जरगो जलाशय को भरा जाए।

5. जनपद के किसानों को शासनादेश के मुताबिक 18 घण्टे बिजली दिया जाए।

6. जनपद को सुखाग्रस्त घोषित किया जाय सभी प्रकार की देय वसूली स्थगित किया जाए। व 2022के खरीफ के फसलबीमा का लाभ दिलाया जाए।

7. घरवाह विद्युत उप केंद्र पर 10 MBA का ट्रांसफॉर्मर हम आ गया है ,जर्जर तार को भी बदला जाए। प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह, वीरेंद्र सिंह जिला महासचिव, जिला उपाध्यक्ष इं बीडी सिंह, सुखनंदन दुबे, तहसील अध्यक्ष बृजराज सिंह राजू, श्यामलाल मौर्य, शारदा प्रसाद मिश्रा, राम सिंगर सिंह व अन्य लोग साथ में उपस्थित रहे।

# बीजपुर में बिजली कटौती से पठन-पाठन व व्यवसाय हो रही प्रभावित

बीजपुर (सोनभद्र)। बखरिहवा फीडर से जुड़े दर्जनों गांवो में ओवरलोड व ट्रिपिंग के कारण बिजली व्यवस्था चरमरा गई है आँख मिचौली का खेल चल रहा है। बिजली व्यवस्था कुछ देर रहती फिर कट जा रही है। लगातार बारिश से कही तारो पर पेड़ गिरने से घण्टो सफ्लाई बाधित रही। वही उपभोक्ता रामजन्म, अवधेश तिवारी, श्यामनारायण सिंह, मुख्तार अहमद, विनोद जायसवाल, संतोष कुमार, केश लाल, अखिलेश विश्वकर्मा, सुशील जायसवाल, रमेश कुमार, नरेंद्र केशरी सहित अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि प्रतिदिन की बिजली कटौती से बच्चों के पढ़ाई लिखाई बाधित हो रही है जहाँ क्षेत्र में अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी में बच्चे जुटे हैं लेकिन शाम ढलते ही बच्चों के पढ़ाई पर बिजली ग्रहण लग जाता है किसी तरह बच्चे पढ़ने के लिए मोमबत्ती व मोबाइल टार्च का इस्तेमाल कर पठन- पाठन करने को विवश हैं क्षेत्र के दुकानदारों की बिक्री पर भी बिजली न होने के कारण छोटे दुकानदारों की बिक्री पर असर पड़ता है वही ग्रामीणों की सूचना पर बिजली कर्मी गिरेन्द्र यादव अपने अन्य साथियों के साथ महुआबारी में तार पर गिरे पेड़ को हटा कर रायकालोनि सब फीडर से जुड़े गांवो में बिजली चालू कराया। इस बाबत एसडीओ राहुल सुन्दरम ने बताया कि ओवरलोड, ट्रिपिंग व बरसात के कारण समस्या हो रही है।



# ओपन जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप पुरुष एवं महिला 16 दिसंबर से

मिजार्पुर। पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड पर जिला ओलंपिक एवं जिला वालीबाल संघ के संयुक्त तत्वाधान में इस वर्ष ओपन जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप पुरुष एवं महिला का आयोजन दिनांक- 16 दिसंबर 2023 व 17 दिसंबर 2023 को पुलिस लाइन के परेड मैदान पर आयोजित की जा रही है, इस प्रतियोगिता में जनपद की सभी पंजीकृत इकाइयां तथा जो पंजीकृत नहीं है, ओ टीमे या उनके कप्तान प्रतियोगिता शुरू होने के पहले जिला वालीबाल संघ से रजिस्ट्रेशन कराकर अनुमति लेकर भाग ले सकते हैं, इस प्रतियोगिता में जनपद की सभी स्कूल कॉलेज की टीमे,क्लबो व संस्थाओं की टीमे, पुलिस, रेलवे व अन्य सभी टीमें भाग ले सकती हैं। इस प्रतियोगिता में जिले की वॉलीबॉल टीम का चयन भी किया जाएगा, चयनित खिलाड़ी दिनांक- 21 से 25 दिसंबर को मैनपुरी जनपद में आयोजित होने जा रही, सीनियर,उत्तर प्रदेश स्टेट चैंपियनशिप वॉलीबॉल पुरुष एवं महिला में भाग लेंगे। दिनांक- 10 दिसंबर को 11:00 से 1:00 तक टीमों की एंट्री का समय रखा गया है ,वह लोग जिनको भाग लेना है, दिनांक- 10 तारीख को पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड मे एंट्री का समय निर्धारित किया गया है, प्रतियोगिता का उउद्घाटन समारोह १६ दिसम्बर को प्रात ११ बजे और समापन समारोह सायं ३ बजे १७ दिसम्बर को किया जायेगा, इसकी सूचना जिला ओलिंपिक संघ, वॉलीबॉल संघ के महासचिव एस. पी .त्रिपाठी ने दिया है।

# रिमझिम बारिश से बढ़ी परेशानी

जौनपुर। गुरूवार को मौसम का मिजाज बिल्कुल बदला नजर आया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे और रिमझिम बारिष का सिलसिला कई घण्टे तक चलता रहा। जिसके चलते ठंड अचानक बढ़ गई खराब मौसम के चलते सड़कों पर भी आवागमन काफी कम रहा। दोपहर तक रिमझिम बारिश शाम तक जारी रही। दिसंबर का पहला समाप्त होने को हे लेकिन इस साल अभी ठंड ने अपना रूप नहीं दिखाया था। लगातार खिल रही धूप से लोगों को ठंड से काफी राहत थी । धूप के चलते ठंड का असर बेहद कम था। वहीं अचानक मौसम बदला हुआ दिखा और सुबह से ही बारिष ने ठण्ड में बढोत्तरी कर दिया। बारिश से सड़कों पर कीचड़ हो गया है। इसके कारण लोगों हो जहां आने जाने में परेषानी हो हुई। विषेष कर छात्र छात्राओं तथ नौकरीपेषा लोगों को छाते और रेनकोट का सहारा लेना पड़ा।



# बारिश से जनजीवन प्रभावित, बुआई बाधित

जौनपुर। बृहस्पतिवार की भोर से ही बूंदाबांदी का दौर जारी हो गया था और दिन भर रुक-रुक कर कई बार बूदाबांदी होती रही। सुबह बारिश की वजह से परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति कम रही। निजी विद्यालयों की वैन में भी और दिनों की अपेक्षा कम बच्चे स्कूल जाते दिखे। बृहस्पतिवार को शादी का मूहूर्त होने के कारण सड़कों पर वाहनों की भीड़ थी लेकिन सड़कों को कीचड़ से लथपथ होने के कारण वे धीमी गति से चल रहे थे। विकास खंड मछलीशहर के गांव बामी के फूलचंद प्रजापति के पुत्र की शादी थी सबेरे से ही वह खराब मौसम को लेकर चिंतित थे। ठंड बढ़ाने के साथ इस बारिश ने खेती किसानी पर असर डाला है।यह विकास खंड मछलीशहर के गांव बामी का दृश्य है जहां किसान प्रसिद्ध नारायण सिंह खलिहान में पिटाई के लिए बकाया धान की फसल को दिखाते हुए कहते हैं कि धान का यह हाल है और गेहूं की बुआई तो चार श्रेणियों में बट गई है। बुआई के बाद जिनके खेतों में गेहूं अंकुरित हो गये हैं उनका तो ठीक है। जिन्होंने खेतों में पलेवा नहीं दिया था पिछले सप्ताह की बारिश की नमी से दो तीन दिन पहले बुआई किये हैं उन्हें डर है कि अगर बारिश बढ़ी तो उनके खेतों में गेहूं का अंकुरण ठीक से नहीं होगा। कुछ लोगों ने मौसम के पूवार्नुमान को देखते हुए बुआई को टाल दिया था उनकी बुआई बारिश के कारण दो चार दिनों के लिए रुक गई है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति उन किसानों की है जो खेतों में पलेवा देकर बुआई का इंतजार कर रहे थे उनकी बुआई में बहुत विलम्ब हो जायेगा। ऐसे किसानों को गेहूं की पिछेती किस्मों की बुआई करना उचित रहेगा। आज की बारिश से ईंट भट्ठों पर सूखने के लिए रखी गई कच्ची ईंटों को भी नुकसान पहुंचा है।



## इन बासी फूड्स को हाथ लगाने से भी करें परहेज

जब घर में ज्यादा लोग मौजूद हों तो अक्सर खाने-पीने की क्वांटिटी का अंदाज नहीं मिल पाता और खाना ज्यादा पक जाता है, कई बार खाने की इच्छा कम होने के कारण भी भोजन का बच जाना लाजमी है। फूड वेस्ट न हो जाए इसलिए हम अक्सर कई घंटों बाद या अगले दिन बचे हुए भोजन को खा जाते हैं। कुछ लोग आलस की वजह से भी कई टाइन का खाना एक साथ बना लेते हैं और थोड़ी-थोड़ी मात्रा में अलग-अलग वक्त में इनका सेवन करते है, लेकिन आप ये जानकर चौंक जाएंगे कि कुछ बासी चीजों को खाने से आपकी सेहत को तगड़ा नुकासान पहुंच सकता है।

**इन बासी फूड्स से करें परहेज**

**ऑयली फूड्स**

भारत में कुकिंग ऑयल की खपत काफी ज्यादा होती है, क्योंकि यहां तेल में पके हुए भोजन खाने वालों की कोई कमी नहीं है, इस देश में कई ऐसे लजीज व्यंजन खाए जाते हैं तो बेहद लजीज होचे हैं। कई बार शादी या पार्टीज में हम इन ऑयली फूड को पैक करके रख लेते हैं और दूसरे दिन इसे निकालकर या दोबारा गर्म करने के बाद खाते हैं, ऐसा करना आपकी सेहत के लिहास से काफी खतरनाक है, क्योंकि तेल को रीहीट करने से दिल की बीमारियों का खतरा कई गुणा बढ़ जाता है, साथ ही ये वजन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है।



**उबले आलू**

आलू को उबालकर खाने का शौक तो आप भी रखते होंगे, ब्लॉइल्ड पोटेटोज से कई तरह की रेसेपीज बनाई जा सकती है, जिसमें तीखी सब्जी, पकौड़ी, चोखा, आलू चाट और टिक्की वगैरह। खासकर स्ट्रीट फूड में इसका इस्तेमाल काफी ज्यादा होता है, लेकिन मार्केट में इसे खाने में थोड़ी सावधानी बरते अक्सर पुराने उबले हुए आलू का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे आलू के अंदर की क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिनम सड़ने लगती जो हमारे पेट में गड़बड़ी पैदा कर सकती है।

**अंडा**

इस बात से हम सभी वाकिफ हैं कि अंडा खाना हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद है, इसलिए



खासकर ब्रेकफास्ट में इसे खाने की सलाह दी जाती है, लेकिन बासी अंडा खाना समझदारी नहीं होती क्योंकि इस सुपरफूड में कई तरह के बैक्टीरिया पनप सकते हैं जो हमारी सेहत को नुकसान पहुंचाने के लिए काफी हैं।

## मेकअप करते समय स्किन टोन का रखें खास ख्याल, वरना अजीब लगेगा चेहरा

हर लड़की की जिंदगी में मेकअप काफी अहम जगह रखता है। महिलाएं मेकअप का इस्तेमाल अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए करती हैं। लेकिन कई बार मेकअप करने के कुछ समय बाद से चेहरा अजीब सा या खराब लगने लगता है। बता दें कि इसके पीछे की वजह मेकअप का सही न होना है। गलत प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने से आपका चेहरा अजीब दिख सकता है। आपने भी नोटिस किया होगा कि मेकअप करने के बाद चेहरे के आसपास की स्किन अजीब सी नजर आती है। कई बार स्किन का कलर भी अलग लगने लगता है। ऐसे में किसी भी मेकअप प्रोडक्ट का चुनाव करते समय अपनी स्किन टाइप का ध्यान रखना जरूरी होता है। जिससे कि मेकअप आपकी खूबसूरती को निखार सके। अगर आप ऐसा नहीं करती हैं तो मेकअप के जरिए भी आपके चेहरे के दाग-धब्बे नहीं छिप पाएंगे। अगर आपके फेस पर भी दाग-धब्बे हैं तो आपको इन मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। इससे आपकी स्किन ग्लोइंग लगने लगेगी।

**कलर करेक्टर**- आजकल डार्क सर्कल की समस्या आम है। हर किसी के चेहरे पर डार्क सर्कल देखने को मिलता है। ऐसे में आपको सबसे पहले दाग-धब्बों के निशान के हिसाब से कलर करेक्टर चुनना चाहिए। अगर आप गलत कलर करेक्टर का इस्तेमाल करती हैं, तो यह आपके पूरे मेकअप को खराब कर सकता है।

**कंसीलर**- अपने चेहरे के दाग-धब्बों को छिपाने के लिए आप कंसीलर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसलिए कंसीलर खरीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि यह आपके स्किन कलर से मैच खाता हो। वैसे आप एक डार्क कलर टोन का कंसीलर भी चुन सकती हैं।

## कहीं आपकी स्पोर्ट्स ब्रा ही ना कर दे आपको बीमार

हेल्दी रहने के लिए हम सभी वर्कआउट करते हैं या फिर जिम में घंटों पसीना बहाते हैं। हालांकि, जिम जाने के लिए आपको उसकी पूरी तैयारी करनी पड़ती है। अक्सर फिटनेस फ्रीक लोगों के वार्डरोब में जिम वियर और स्पोर्ट्स ब्रा जैसे आउटफिट मिल जाएंगे। ऐसा माना जाता है कि जब इस तरह के आउटफिट पहनकर वर्कआउट किया जाता है तो यह अधिक आरामदायक हो सकता है। स्पोर्ट्स ब्रा ना पहनने से एक्सरसाइज करते हुए पीठ और गर्दन की मांसपेशियों पर दबाव पड़ सकता है, जिससे चोट लग सकती है। इतना ही नहीं, दौड़ते समय या हाई इंटेसिटी वर्कआउट करते हुए एक स्पोर्ट्स ब्रा आपके ऊपरी शरीर पर तनाव को कम करने में मदद कर सकती है और एक अच्छे पोश्चर को बनाए रखने में मदद कर सकती है।



लेकिन क्या आप जानते हैं कि गलत तरह की स्पोर्ट्स ब्रा और जिम वियर पहनने से आप बीमार पड़ सकते हैं। इसके कारण आपको कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-

**दर्द की समस्या**

यूं तो स्पोर्ट्स ब्रा वर्कआउट के दौरान आपकी ब्रेस्ट को अतिरिक्त सपोर्ट प्रदान करती हैं। वहीं, जिम वियर पसीना सोखने में मदद करते हैं, जिससे आप अधिक कंफर्टेबल फील करते हैं। लेकिन अगर इसे पूरे दिन पहना जाता है तो इससे दर्द की समस्या हो सकती है। अमूमन स्पोर्ट्स ब्रा बहुत टाइट होती हैं, और यह पीठ की मसल्स को कमजोर करने, कंधे में दर्द पैदा करने और आपके पोश्चर को खराब कर सकती है। हमेशा याद रखें कि ऐसा कुछ पहनना अच्छा नहीं है जो पूरे दिन बहुत तंग हो।

**स्किन प्रॉब्लम्स**

अगर पूरा दिन जिम वियर या स्पोर्ट्स ब्रा को पहनती हैं तो इससे आपकी स्किन को भी खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। दरअसल, जब बहुत अधिक कंप्रेसिव गारमेंट को हटाया नहीं जाता है, तो उससे कुछ जलन हो सकती है। कुछ लोगों को इससे फंगल इंफेक्शन भी हो सकता है। इसलिए, वर्कआउट के बाद भी जिम वियर पहनना बिल्कुल भी समझदारी नहीं है।

**अन्य समस्याएं**

कुछ अध्ययनों का दावा है कि अतिरिक्त दबाव कैंसर से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, एक अन्य टेस्ट में स्पोर्ट्स ब्रा, लेगिंग और अन्य जिमवियर में जहरीले रसायन बीपीए को बहुत उच्च स्तर पर पाया गया। बीपीए जिसे बिस्फेनॉल ए भी कहा जाता है, अस्थमा से लेकर हृदय रोग और मोटापा जैसी कई समस्याओं की वजह बन सकता है। क्या करें यह सच है कि स्पोर्ट्स ब्रा व अन्य जिम वियर से आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखते हैं तो इससे आप इन समस्याओं से बच सकते हैं। मसलन-



- स्पोर्ट्स ब्रा व अन्य जिम वियर को पूरा दिन ना पहनें। इसके केवल वर्कआउट के दौरान ही पहनना चाहिए। जब आपका वर्कआउट कंप्लीट हो जाए तो इन जिम वियर को उतार दें।
- इरिटेशन व जलन से बचने के लिए वर्कआउट के बाद शॉवर लें। साथ ही, अपने वर्कआउट क्लॉथ्स को भी कलीन करना ना भूलें।
- हमेशा किसी अच्छे ब्रांड के स्पोर्ट्स ब्रा और जिम वियर को ही खरीदें। हाई क्वालिटी के कारण स्किन को होने वाली परेशानियों की संभावना काफी कम हो जाती है।
- हमेशा सुनिश्चित करें कि वर्कआउट के कपड़े पसीने को सोखने वाले हों। इस प्रकार के कपड़े वर्कआउट करते समय आपको ठंडा और आरामदायक रखने में मदद करता है।
- स्पोर्ट्स ब्रा और जिम वियर को हमेशा अपने साइज के अनुसार ही खरीदें। बहुत अधिक तंग जिम वियर को पहनने से बचें।



## क्या आप जानते हैं?

## 24 जून का इतिहास

- मुम्बई से न्यूयार्क 1966 को जा रहे एयर इंडिया के विमान के स्विट्जरलैण्ड के माउंट ब्लैंक में दुर्घटनाग्रस्त होने से 117 लोगों की मौत।
- भारतीय टीम 1974 में लॉडर्स टेस्ट की दूसरी पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 42 रन पर सिमट गई। ये टेस्ट में भारत का न्यूनतम स्कोर है और वह पारी और 285 रन से हारा।
- न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे पर 1975 में ईस्टर्न 727 विमान दुर्घटना में 113 लोग मारे गये।
- सरकार ने 1986 में घोषणा की है कि अविवाहित माता अपनी रोजगार योजना के तहत भी मातृत्व अवकाश प्राप्त करेगी।
- बोफोर्स बंदूक सौदे पर कैग की रिपोर्ट के मुद्दे पर बहुमत वाले विपक्षी सदस्यों ने 1989 में लोकसभा से इस्तीफा दे दिया।
- रक्षा वैज्ञानिकों ने 1990 में देश की पहली तीसरी पीढ़ी के एंटी टैंक मिसाइल 'एनएजी' की सफलतापूर्वक जांच की।
- अफ्रीकी देश तंजानिया में 2002 को ट्रेन दुर्घटना में 281 लोगों की मौत।
- अमेरिका द्वारा भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की दावेदारी को 2005 में मान्यता मिली।
- इराकी हाई ट्रिब्यूनल ने 2007 में सद्दाम हुसैन के चचेरे भाई अली हसन अल माजिद उर्फ केमिकल अली सहित तीन लोगों को फांसी की सजा सुनाई।
- नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला ने 2008 में अपने पद से इस्तीफा दिया।
- मिस्र में पहली बार हुए राष्ट्रपति चुनाव में 2012 को मुस्लिम ब्रदरहुड के मुहम्मद मुर्सी 51.73प्रतिशत मत पाकर निर्वाचित हुए।
- ब्रिटेन में यूरोपीय संघ से संबंध के प्रश्न पर हुए 23 जून के जनमत-संग्रह में 52प्रतिशत लोगों ने 2016 में अलगाव के पक्ष में मत दिया।

## देसी गर्ल की तरह चाहिए टोंड फिगर तो अपनाएं ये टिप्स

बॉलीवुड में जब भी किसी फिट और फिटनेस फ्रीक सेलिब्रिटी का जिक्र होता है तो उसमें देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा का नाम जरूर लिया जाता है, जो अपने परफेक्ट फिगर से लोगों को फिटनेस गोल देती हैं। अगर आप भी चाहती हैं कि आपका फिगर प्रियंका चोपड़ा की तरह हो, तो हम आपको बताते हैं देसी गर्ल का फिटनेस मंत्र जिसे फॉलो करके आप उनकी तरह परफेक्ट बॉडी और टोंड फिगर पा सकते हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा यूं तो बहुत फूडी है और उन्हें इंडियन खाना बहुत पसंद है, लेकिन वह न्यूट्रिशन का बहुत ध्यान रखती है और एक बैलेंस डाइट लेती हैं। प्रियंका चोपड़ा एक हेल्दी ब्रेकफास्ट के साथ दिन की शुरुआत करती हैं, जिसमें वह ऑमलेट, पराठा, टोस्ट या डोसा खाना पसंद करती हैं। इसके अलावा लंच में वह दाल, चावल, रोटी, सब्जी, सलाद जैसी एक परफेक्ट मील लेती है। शाम के स्नैक्स में उन्हें रोस्टेड मखाने खाना बहुत पसंद है और रात को वो एक लाइट मील लेती हैं। जिसमें सूप से लेकर लीन प्रोटीन शामिल होता है।



**फिश और चिकन**

प्रियंका चोपड़ा एक पंजाबी फैमिली से आती है, ऐसे में उन्हें नॉनवेज बहुत पसंद है। हालांकि, वह अपनी डाइट में लीन मीट यानी कि चिकन और फिश खाना पसंद करती हैं। पीसी का मानना है कि शरीर से टॉक्सिन को निकालने के लिए पानी पीना बहुत ज्यादा जरूरी है। उनका फिटनेस सीक्रेट यही है कि वह हाइड्रेशन का बहुत ध्यान रखती हैं और पानी की कमी कभी नहीं होने देती हैं। प्रियंका चोपड़ा अपनी डेली रूटीन में ना सिर्फ अपनी फिजिकल हेल्थ बल्कि मेंटल हेल्थ पर भी बहुत ध्यान रखती है, इसलिए वह अपनी रूटीन लाइफ में योग को बहुत महत्व देती हैं. इसके अलावा वेटलिफ्टिंग और स्विमिंग करना उन्हें बहुत पसंद है, जिससे उनकी पूरी बॉडी टोंड रहती है।


## पालथी मारकर बैठना गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित

किसी भी महिला के लिए उसकी लाइफ में प्रेग्नेंसी सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। इस समय हर महिला को अपने ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत होती है। इस दौरान महिलाओं को अपने खान-पान से लेकर उठने बैठने, सोने जागने हर चीज का बहुत अच्छे से ध्यान रखना पड़ता है। नौ महीनों के दौरान बढ़ते पेट के कारण महिलाओं हर स्थिति में बैठना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में गर्भवती महिला के मन में भी अपने बैठने को लेकर कई तरह के सवाल होते हैं। कई महिलाओं के मन में ये सवाल रहता है कि क्या पालथी मारकर बैठना प्रेग्नेंसी में सही होता है। आइए जानें...

डॉक्टर्स के मुताबिक महिलाएं प्रेग्नेंसी के दौरान पालथी मारकर बैठ सकती हैं। क्रॉस-लेग करके बैठना सबकी आदत होती है। कई लोग आज भी पालथी मारकर बैठना पसंद करते हैं। घर में पूजा पाठ के लिए भी क्रॉस लैग करके बैठा जाता हैं। कई महिलाएं घर का काम करते हुए भी पालथी मारकर बैठती हैं। प्रेग्नेंसी के समय कई महिलाएं योग और मेडिटेशन करना पसंद करती हैं, जिसमें क्रॉस लैग करके बैठा जाता है। लेकिन ऐसे समय में प्रेग्नेंट महिलाओं के पालथी मारकर बैठने को लेकर कई तरह के मिथक भी प्रचलित है। लोग अक्सर प्रेग्नेंट महिलाओं को इस स्थिति में ना बैठने की सलाह देते हैं। मिथक के मुताबिक पालथी मारकर बैठने से गर्भ में पल रहे बच्चे का सिर चपटा हो जाता है। कई बार गर्भनाल में भी परेशानी हो जाती है। गर्भ में बड़े हो रहे बच्चे को परेशानी हो सकती है। लेकिन ये सारी बातें सिर्फ मिथक है। प्रेग्नेंसी के दौरान कई महिलाओं को पालथी मारकर भी बैठने की सलाह दी जाती है। इसके पीछे लोगों की धारणा है कि इस स्थिति में बैठना आपके बच्चे के प्रसव के लिए अच्छा है। लेकिन इस धारम का भी कोई सबूत नहीं है। लेकिन डॉक्टर कुछ प्रेग्नेंट महिलाओं को पालथी मारकर ना बैठने की सलाह देते हैं। जो पेल्विक गर्डल पेन, सिम्फिसिस पबिस डिसफंक्शन जैसी समस्याओं से पीड़ित महिलाओं को पालथी मारकर बैठने से रोका जाता है। कई बार लंबे समय तक कॉस लैग करके बैठने से पैरों और टखनों पर दबाव पड़ता है। जो आपके पैरों पर ज्यादा दबाव डाल सकता है। ज्यादा देर पालथी मारकर बैठने से आपके पैरों में सूजन की समस्या भी बढ़ सकती है। प्रेग्नेंसी में डॉक्टर्स महिलाओं को किसी भी पॉडिशन में ज्यादा देर तक बैठने से रोकते हैं, क्योकि इससे आपके कमर में खिंचाव हो सकता है।



- अगर आप अपनी प्रेग्नेंसी में पालथी मारकर बैठ रही हैं, तो ध्यान रखें अपने पैरों को थोड़ी थोड़ी देर पर हिलाए, अपनी जगह बदलते रहे। लेकिन अगर आपको बैठने में किसी भी तरह की समस्या हो, तो आप अपनी स्थिति को बदलना जरूरी है। जैसे-जैसे आपका पेट बढ़ता जाता है, आप अपने बैठने की पॉजिशन पर ध्यान दें। लेकिन जमीन पर उठने बैठने पर परेशानी होने पर आप जमीन पर बैठना इग्नोर करें। ऐसे में आप अपने बैठने के लिए कुर्सी या कम ऊंचाई वाला स्टूल यूज करें। लेकिन अगर आपको किसी भी तरह का खींचाव या परेशानी हो तो एक बार अपने डॉक्टर से सलाह जरूर ले लें।



## लैपटॉप और कंप्यूटर पर लगातार काम करने से थक गई आपकी उंगलियां

भारत की एक बड़ी आबादी लैपटॉप और कंप्यूटर पर काम करती है, ये हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है, स्कूल, कॉलेज हो या कोई दफ्तर इन गैजेट्स के बिना हमारा काम नहीं चलता है। कीबोर्ड पर लगातार वक्त बिताने से कमर दर्द, पीठ दर्द और गर्दन दर्द जैसी समस्याओं से तो हम अक्सर 2 चाहर होते है, लेकिन क्या आपने गौर किया है कि हमारे हाथ और और उंगलिया लॉन्ग वर्क के बाद थक जाते हैं। अगर आप भी लैपटॉप और कंप्यूटर पर लगातार काम करने से परेशान हैं तो अपने हैंड और फिंगर्स को इन आसान उपाय अपनाकर आराम दे सकते हैं।

**सही पोजीशन जरूरी**

लैपटॉप और कंप्यूटर का पोजीशन ये तय करता है कि आपको शारीरिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा या नहीं, लैपटॉप को उस जगह रखें जहां से आप आसानी से टाइट कर सकते हैं। अगर आपको ऐसा लग रहा है कि स्क्रीन काफी पास है जिससे टाइप करने में दिक्कत हो रही है, तो कीबोर्ड और स्क्रीन को एडजस्ट कर लें। लैपटॉप के केस में आप एक्स्ट्रा की बोर्ड अटैच कर सकते हैं।

**दम लगाकर टाइप न करें**

कुछ लोगों को कीबोर्ड पर दम लगाकर टाइप करने की आदत होती है, हालांकि कई बार जल्द टारगेट पूरा करने के प्रेशर में भी ऐसा किया जाता है. इससे परहेज करना जरूरी है, क्योंकि ऐसे में आपकी उंगलियों और हाथों पर दबाव पड़ेगा। इसले बचने के लिए हल्के हाथों से टाइप करें।

**हाथों को स्ट्रेच करते रहें**

लैपटॉप और कंप्यूटर पर काम करते वक्त थोड़ा ब्रेक लेते रहना जरूरी है इससे शरीर के अंगो को आराम मिलता है। आप एक काम निपटाने के बाद हाथों और उंगलियों को स्ट्रेच करें वरना परेशानी बढ़ सकती है। काम करते वक्त आप अपनी मुट्ठी को 2 से 4 बार जरूर बंद करें और खोलें। इसके अलावा उंगलियों और हाथों को पूरा फैलाने से काफी आराम मिलता है और दिक्कत से बच जाते हैं।

## अमरूद ही नहीं इसके पत्ते भी हैं बड़े काम के

अमरूद एक ऐसा फल है जिसे हर उम्र के लोग काफी पसंद करते हैं, इसका लाल और सफेद पल्प बेहद लजीज होता है। आमतौर पर इस फ्रूट का सेवन डाइजेशन दुरुस्त करने के लिए किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अमरूद के पत्ते भी सेहत के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं। अगर इनके गुणों के बारे में आ जान जाएंगे तो इन पत्तों का सेवन जरूर करेंगे। अमरूद के पत्तों में ऐसे कई पोषक



तत्व पाए जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए बेहद आवश्यक हैं। इसमें कैल्शियम, पोटेशियम, सल्फर, सोडियम, आयरन, बोरोन, मैग्निशियम, मैंगनीज जैसे मिनरल होते हैं साथ ही विटामिन बी और विटामिन सी इन पत्तों की न्यूट्रीशनल वैल्यू बढ़ा देते हैं।

**अमरूद के पत्ते कैसे खाएं**

**दांतों के दर्द में**

अमरूद के पत्तों को औषधि की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। आप इसके अर्क को दर्द वाले दांतों पर लगा सकते हैं। इसके अलावा अगर आप अमरूद के पत्तों को लौंग के साथ पीसकर दांतों पर लगाएंगे तो दर्द से जल्द निजात मिल जाएगी।

- अमरूद के पत्तों में कैलोरी की मात्रा न के बराबर होती है जिससे नसों में बैड कोलेस्ट्रॉल और पेट से चर्बी कम करने में मदद मिलती है। आप इन पत्तों को मिक्सर ग्राइंडर में पीसकर अर्क निकाल लें और पी जाएं। इसके जरिए मोटापा कम किया जा सकेगा।
- टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों के लिए अमरूद के पत्ते बेहद लाभकारी माने जाते हैं। इसके अर्क का सेवन किया जाए तो ब्लड शुगर लेवल मेंटेन करना आसान हो जाता है और तबीयत नहीं बिगड़ती।
- कई रिसर्च में ये साबित हुआ है कि अमरूद के पत्तों का अर्क पेट के लिए अच्छा माना जाता है, ये डाइजेशन को दुरुस्त रखने में मदद करता है। अगर आपको दस्त, गैस या किसी तरह की पेट की परेशानी है तो इन पत्तों के अर्क का सेवन जरूर करें।

# गौतम पर श्रीसंत ने लगाए गंभीर आरोप

## श्रीसंत ने कहा, फिक्सर-फिक्सर बोला, गालियां दी








**सूरत, (एजेंसी)।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में एक मुकाबले के दौरान एस श्रीसंत ने अपने पूर्व साथी गौतम गंभीर पर मैदान में फिक्कर फिक्सर कहने और गलियां देने के आरोप लगाये है। लीजेंड्स लीग टूर्नामेंट में गंभीर इंडिया कैपिटल्स के कप्तान हैं जबकि श्रीसंत टी20 टूर्नामेंट में गुजरात जायंट्स के लिए खेल रहे हैं। मैच के बाद श्रीसंत ने एक वीडियो पोस्ट किया। जिसमें उन्होंने दावा किया, बिना किसी उकसावे के गौतम मुझे कुछ न कुछ कहते रहे जो बहुत अभद्र था और ऐसा मिस्टर गौतम गंभीर को नहीं कहना चाहिए था। उन्होंने कहा, मेरी कोई गलती नहीं है, मैं तुरंत स्थिति स्पष्ट करना चाहता था। उन्होंने क्रिकेट मैदान पर लाइव जो बातें कहीं, वह स्वीकार्य नहीं हैं। श्रीसंत ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक दूसरा विडियो पोस्ट किए गए एक दूसरे वीडियो में उन्होंने अधिक विवरण का खुलासा किया। श्रीसंत ने कहा, वह मुझे लाइव टीवी पर सेंटर विकेट पर बुलाते रहे, मैंने उनके लिए एक भी अभद्र शब्द, एक भी अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। मैंने केवल इतना कहा कि आप क्या कह रहे हैं। वास्तव में मैं व्यंग्यात्मक तरीके से हंसता रहा, क्योंकि वह मुझे कहता रहा, फिक्सर, फिक्सर, तुम एक फिक्सर हो... बकवास बंद फिक्सर। यह वह भाषा है जिसका उपयोग उन्होंने लाइव पर किया था। मैं बस चला गया। मुझे नहीं पता कि उसने ऐसा क्यों शुरू किया। उल्लेखनीय है कि श्रीसंत राजस्थान रॉयल्स के उन तीन खिलाड़ियों में से एक थे जिन्हें वर्ष 2013 के आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग घोटाले में शामिल होने के कारण क्रिकेट से प्रतिबंधित लगाया था। वर्ष 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा को रद्द कर दिया था, जिसके बाद बीसीसीआई को श्रीसंत के प्रतिबंध को घटाकर सात साल कर दिया था यह अवधि सितंबर 2020 में समाप्त हो गई।

### सिर्फ अटेंशन पाने के लिए ऐसा कर रहे हैं श्रीसंत : गौतम गंभीर

श्रीसंत के आरोपों के बाद अब गंभीर ने इस पूरे बवाल पर पहला रिएक्शन दिया है। हालांकि उन्होंने खुलकर तो कुछ नहीं बोला है लेकिन उनके क्रिप्टिक मैसेज ने लड़ाई को एक नया एंगल दे दिया है। वहीं इरफान पठान भी गौतम गंभीर के सपोर्ट में आ गए हैं। गौतम गंभीर ने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वह हंसते हुए नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, जब पूरी दुनिया अटेंशन के पीछे भाग रही तो आप मुस्कुराओं। गौतम गंभीर अपने इस पोस्ट के माध्यम से यह कहना चाह रहे हैं कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट में उनको लेकर श्रीसंत जो कुछ भी कह रहे हैं वह सिर्फअटेंशन पाने के लिए है। इरफान ने गौतम गंभीर के पोस्ट पर कमेंट कर लिखा, मुस्कुराना सबसे बढ़िया उत्तर है भाई।

### लीजेंड्स लीग क्रिकेट जांच के बाद लेगा एक्शन

रिटायर्ड प्लेयर्स की लीग लीजेंड्स लीग क्रिकेट में मैदान पर हुए विवाद पर कोड ऑफ कंडक्ट एंड एथिक्स कमेटी के चीफ सैयद किरमानी और सीईओ रमन रहेजा ने बयान जारी किया है।। सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहे इस पूरे मामले पर अब लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने अपना आधिकारिक रुख रखा है। मैदान के अंदर और बाहर खेल की भावना को बनाए रखने के लिए यह बहुत स्पष्ट है। लीग की ओर से कहा गया कि क्रिकेट जगत में जिस घटना की चर्चा हो रही है, वह आचार संहिता का उल्लंघन है। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के कोड ऑफ कंडक्ट एंड एथिक्स कमेटी नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करेगी। सैयद किरमानी की ओर से बयान में कहा गया है कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट और खेल भावना को बनाए रखने का प्रयास करता है और आचार संहिता के उल्लंघन पर आंतरिक जांच करेगा। आचार संहिता में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लीग, खेल भावना और जिस टीम का वे प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, उसे बदनाम करने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हम अपना रुख बिल्कुल स्पष्ट करते हैं और देश और दुनिया भर के लाखों क्रिकेट प्रेमियों के साथ खेल को साझा करने की दिशा में काम करना जारी रखेंगे।

### श्रीसंत की पत्नी ने भी दी प्रतिक्रिया

इस घटना पर श्रीसंत की पत्नी भुवनेश्वरी ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, श्री से यह सुनना बहुत चौंकाने वाला है कि एक खिलाड़ी जो कई वर्षो तक उनके साथ भारत के लिए खेला है, वह इस स्तर तक गिर सकता है। सक्रिय क्रिकेट से संन्यास लेने के इतने वर्षो के बाद भी। आखिरकार परवरिश बहुत मायने रखती है और यह तब दिखाई देती है इस तरह का व्यवहार मैदान पर सामने आता है। यह वाकई चौंकाने वाला है।

### इस घटना ने खेल से फैंस को डिस्ट्रैक्ट किया : रमन रहेजा

लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सीईओ रमन रहेजा ने कहा, लीजेंड्स लीग क्रिकेट में अनुबंधित सभी खिलाड़ी शर्तो से बंधे हैं। आचार संहिता और आचार समिति द्वारा निर्धारित कार्रवाई की जाएगी। हम अनुबंध के उल्लंघन के खिलाफ उचित कार्रवाई कर रहे हैं। दुर्भाग्य से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही यह घटना इस रोमांचक सीजन और खेल से हटकर नेगेटिव सुर्खियां बटोर रही है। हमारा लक्ष्य लीग पर ही ध्यान केंद्रित करना है और संबंधित कमेटी जांच के बाद कार्रवाई करेगी।

# इंग्लैंड ने विंडीज को हराया सीरीज में 1-1 से बराबरी

## सैम करेन ने झटके 3 विकेट, जैक्स, ब्रुक और बटलर के अर्धशतक




**नॉर्थ साउंड एंटीगा।** विल जैक्स के 73 रन और सैम करन के तीन विकेट के दम पर इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे में छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा था और मेजबान टीम 40 ओवर में 202 रन पर आउट हो गई। वहीं जैक्स के दूसरे अर्धशतक और बटलर की तूफानी फिफ्टी के बूते इंग्लैंड ने 33 ओवर में चार विकेट पर 206 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए पहले मैच में नाबाद 109 रन बनाने वाले शाई होप ने 68 रन की पारी खेली। एक समय सात ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 23 रन था, लेकिन होप ने शेरफान रदरफोर्ड 63 रन के साथ 129 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला, उन्होंने 44 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और 68 गेंद में 68 रन बनाए। रदरफोर्ड ने 71 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। सैम करेन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। जवाब में जैक्स ने फिल साल्ट 21 रन के साथ 50 रन की साझेदारी की और 43 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड के जाक क्रॉउले और बेन डकेट जल्दी आउट हो गए लेकिन हेनरी ब्रुक और जोस बटलर ने 17.1 ओवर बाकी रहते टीम को जीत दिलाई।

### सितंबर के बाद बटलर ने जमाया अर्धशतक

बटलर 58 रन बनाकर और ब्रुक 43 के स्कोर पर नाबाद रहे। बटलर ने 36 रन पूरे होते ही वनडे क्रिकेट में 5000 रन पूरे कर लिए, इससे पहले शुरुआती वनडे में होप इस आंकड़े तक पहुंचे थे इ ग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि वह अपने खराब फॉर्म से तंग आ चुके थे और अब अच्छा प्रदर्शन करना बहुत जरूरी हो गया था।

## मोहन बागान ने ओडिशा एफसी के खिलाफ अंक बांटे

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में ओडिशा एफसी के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला। बुधवार रात यहां विवेकानंद युवा भारती क्रीरंगन में खेले गये मुकाबले में मोहन बागान सुपर जाइंट के अरमांडो सादिकु ने पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दो गोल दागते हुए स्कोर को बराबर किया। ओडिशा के अहमद जाहौर के पहले हाफ में दो गोल कर अपनी टीम को 2-0 से बढ़त दिला दी थी। इसके बाद 58वें मिनट में स्टार फॉरवर्ड अरमांडो सादिकु ने मोहन बागान सुपर जाइंट के लिए गोल कर उनकी उम्मीदों को फिर से जगा दिया। सादिकु ने चोट के समय में अपना ब्रेस पूरा करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर पर ला दिया। ओडिशा एफसी अपना अगला आईएसएल मैच 17 दिसंबर को हैदराबाद एफसी के खिलाफ खेलेगा, जबकि मोहन बागान 15 दिसंबर को गुवाहाटी में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से भिड़ेगी।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन में कैरोलिन वोज्नियाकी को वाइल्ड कार्ड

### दोनों बच्चों को साथ लेकर आएंगी टेनिस खिलाड़ी



**मेलबर्न।** विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। वह सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम में अपने दोनों बच्चों को लेकर आने की सोच रही हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2018 विजेता वोज्नियाकी और ऑस्ट्रेलिया के छह खिलाड़ियों को पहले चरण में वाइल्ड कार्ड दिए गए। तीन साल के ब्रेक के बाद 33 वर्ष की वोज्नियाकी अगस्त में ही कोर्ट पर लौटी हैं। उन्होंने मांट्रियल और सिनसिनाटी में खेला और अमेरिकी ओपन में चौथे दौर तक पहुंचीं जहां उन्हें कोको गॉफ ने हराया। वोज्नियाकी ने कहा कि वह अपनी बेटी ओलिविया और बेटे जेम्स को लेकर आएंगी। उन्होंने कहा, मैं उन्हें यहां लेकर आऊंगी। इसे लेकर काफी रोमांचित हूं।

## पैरा एथलीटों को बढ़ावा देने बोट रैली का आयोजन आज

**भोपाल, खेल संवाददाता।** खेलो इंडिया की तर्ज पर पैरा एथलीटों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023 का पहला संस्करण 10 से 17 दिसंबर तक दिल्ली में सात खेल अनुशासनों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 1500 खिलाड़ियों की भागीदारी होगी। इस उद्घाटन कार्यक्रम के आयोजन हेतु साई सीआरसी भोपाल द्वारा केआईपीजी 2023 में भाग लेने वाले पैरा एथलीटों को प्रोत्साहित करने के लिए एमपी केसीए बोट क्लब लोअर लेक भोपाल में एक बोट रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 08 दिसंबर को सुबह 10 बजे निर्धारित है। भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसवाईडब्ल्यूए एमपी के निदेशक रवि गुप्ता आईपीएस उपस्थित रहेंगे। साथ ही इस कार्यक्रम में साई सीआरसी भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक एवं निदेशक, एसएसबी अकादमी के निदेशक, दूरदर्शन केन्द्र भोपाल के कार्यक्रम प्रमुख निदेशक और एम पीकेसीए के अध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में 01 ओलंपियन और 05 एशियाई खेलों के पदक विजेता भी भाग लेंगे।
**केआईपीजी में भाग लेने वाले एथलीटों की विदाई :** 30 से अधिक कैनोइंग और कयाकिंग नौकाएं और लगभग 70 केएंडसी एथलीट इस बोट रैली में भाग लेंगे। यह बोट रैली खेल संस्कृति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी, केआईपीजी 2023 को बढ़ावा देगी और लोगों को जागरूक करेगी। इस आयोजन में केआईपीजी 2023 में भाग लेने वाले मध्य प्रदेश के कुछ एथलीटों को विदाई दी जाएगी।

## विश्व विकलांग दिवस पर रैली का आयोजन

**भोपाल, खेल संवाददाता।** उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी द्वारा गुरुवार को विश्व विकलांग दिवस पर सात प्रदेशों कि टीम भोपाल में रैली में शामिल हुई। महिला टीम जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान की व पुरुष टीम मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, दिल्ली व राजस्थान दिव्यांगजन पुरुष व महिला 150 क्रिकेट खिलाड़ी, 60 महिला क्रिकेट खिलाड़ी व 90 व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ियों की सामाजिक न्याय विभाग पत्रकार कॉलोनी से विट्ठल मार्केट, मेट्रोप्लाजा होते हुए ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर पहुंची। संस्था की संस्थापक श्रीमती दीप्ति पटवा, सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक सीएल पथारी, आरके सिंह, संदीप रजक आयुक्त निशक्तजन मनोज बाथम उपसंचालक ने हरी झंडी देकर रैली को रवाना किया। दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज राज्यपाल मांगूभाई पटेल द्वारा प्रातः 10.00 बजे किया जाएगा।

## सुदेवा, गढ़वाल का विजयी अभियान जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली फ्यूचर स्टार्स यूथ लीग में गुरुवार को खेले गए मैचों में सुदेवा दिल्ली एफसी, गढ़वाल हीरोज, होप्स, ईमी, ग्रोइंग स्टार्स, दिल्ली टाइगर्स, तरुण संघा और जुबा संघा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। ग्रोइंग स्टार्स ने लीग की सबसे फिसड्डी टीम सीमापुरी को नौ गोलों से रौंदा, तो गढ़वाल हीरोज ने दिल्ली एफसी को 5-1 से पटखनी दी। सुदेवा और होप्स ने क्रमशः सिग्नेचर और ग्लोरियस को 4-0 से धो डाला। दिल्ली सरकार और एचसीएल के सहयोग से खेली जा रही 19 साल तक के खिलाड़ियों की यूथ फुटबॉल लीग में गढ़वाल हीरोज, सुदेवा और ईमी ने लगातार पांच-पांच मुकाबले जीतकर अच्छी खासी बढ़त बना ली है। पिछले मुकाबलों में ईमी के स्टार स्ट्राइकर पासैलुनी ने सिटी के विरुद्ध सभी पांच गाल दागे। ईमी ने यह मैच 5-1 से जीता। ग्रोइंग स्टार्स ने सीमापुरी एफसी पर 9-0 से बड़ी जीत दर्ज की, जिसमें अनुराग नेगी ने तिकड़ी जमाई। दिल्ली एफसी पर गढ़वाल हीरोज की जीत का हीरो महादवेन रहा। उसने दो गोल किए। सुदेवा दिल्ली एफसी के लिए निंगजैन ने भी दो गोल किए।

## स्पेन ने भारत को 4-1 से हराया

**कुआलालंपुर।** एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 में गुरुवार को अपने दूसरे मैच में भारत को स्पेन के हाथों को 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए एकमात्र गोल रोहित ने मैच के 33वें मिनट पर किया जबकि स्पेन ने आक्रामक हॉकी का मुजाहिरा करते हुये चार गोल दागे। स्पेन के पोल कैब्रे वर्डिएल ने मैच के पहले ही मिनट में गोल कर भारत को दवाब में ला दिया जबकि 18वें मिनट पर एंड्रियास रफी,41वें मिनट पर वर्डिएल और मैच के आखिरी लम्हो में एंड्रियास ने गोल दाग कर अपनी टीम को बड़ी जीत दिलायी। पहले क्वार्टर में स्पेन ने दबदबे के साथ खेल की शुरुआत की, जिससे भारत बैकफुट पर आ गया। भारत ने हालांकि दबाव को कम करने के लिये कुछ प्रयास किये मगर स्पेन ने हमलों का सिलसिला बदस्तूर बनाये रखा। पोल कैब्रे वर्डील के शुरुआती मिनट में शानदार मूव बनाते हुये फील्ड गोल दागा। पहले क्वार्टर में भारतीय अपना खाता नहीं खोल सके थे।भारत ने दूसरे क्वार्टर की शानदार शुरुआत की, हालांकि स्पेन ने मौके का फायदा उठाया और कप्तान एंड्रियास ने पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में तब्दील कर दिया।

# मीरपुर टेस्ट का दूसरा दिन चढ़ा बारिश की भेंट

## पहली पारी में बांग्लादेश के खिलाफ 117 रन पीछे है न्यूजीलैंड



**मीरपुर (एजेंसी)।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ गया और अधिकारियों ने लगातार हो रही बारिश को देखते हुए गुरुवार का खेल रद्द करने का फैसला लिया। बुधवार को खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने पहली पारी में पांच विकेट पर 55 रन बना लिये थे।

टॉम लेथम चार रन, डेवन कॉन्वे 11 रन, केन विलियमसन 13 रन, हेनरी निकल्स एक रन, टॉम ब्लंडल शून्य पर आउट होकर पवेलियन लौट चुके है। डैरिल मिचेल 10 रन और ग्लेन फिलिप्स रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड अभी बांग्लादेश से 117 रन पीछे है। न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर के तीन-तीन विकेट और एजाज पटेल के दो विकेट की बदौलत मेजबान बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 172 रनों पर समेट दिया। शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश अपने चार शीर्ष बल्लेबाजों जाकिर हुसैन आठ रन, महमुदुल हसन जॉय 14 रन, मोमिनुल हक पांच रन और नजमुल शान्तो को नौ रन को 15 ओवर तक टीम के 47 स्कोर पर पवेलियन भेज दिया था।

### बांग्लादेश ने पहली पारी में बनाए थे 172 रन

नुरुल हसन सात रन पर आउट होने वाले बंगलादेश के सातवें बल्लेबाज थे। मेहदी हसन मिराज 20 रन बनाकर आउट हुये। तैजुल इस्लाम छह रन, शोरिफुल इस्लाम 10 रन बनाकर आउट हुये। नईम हसन 13 रन बनाकर नाबाद रहे, और बांग्लादेश की पूरी टीम पहली पारी में 66.2 ओवर में 172 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर ने तीन-तीन विकेट लिये। वहीं एजाज पटेल के दो बल्लेबाजों को आउट किया। टिम साउदी को एक विकेट मिला।

## यूपी योद्धा ने हरियाणा स्टीलर्स को बड़े अंतर से दी शिकस्त

### प्रो कबड्डी लीग : 57-27 से जीता यूपी




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रो कबड्डी लीग 2023-24 में यूपी योद्धाज ने एका एरिना बाय ट्रांसस्टेडिया में अपने हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर हरियाणा स्टीलर्स को 57-27 से हराया। इस मुकाबले में रेडर सुरेंदर गिल (13 अंक) और परदीप नरवाल (12 अंक) के अलावा डिफेंडर सुमित (8 अंक) ने यूपी योद्धाज के लिए मैच जिताऊ प्रदर्शन किया।

# फिलहाल संन्यास नहीं लेंगे स्टीव स्मिथ

## स्मिथ के मैनेजर ने बताया-अफवाह



**सिडनी।** स्टीव स्मिथ टीम के अपने साथी डेविड वार्नर की तरह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेंगे क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान को लगता है कि वह अब भी काफी कुछ हासिल कर सकते हैं। लंबे समय से स्मिथ के मैनेजर की भूमिका निभा रहे वारेन क्रेग ने इसकी पुष्टि की है। वार्नर ने तीन जनवरी 2024 से पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में शुरू हो रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट के साथ इस प्रारूप को अलविदा कहने की इच्छा जताई है। इस तरह की चर्चा थी कि भारत और इंग्लैंड के खिलाफ इस साल उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद स्मिथ भी संन्यास ले सकते हैं।

## न्यूजीलैंड की बांग्लादेश दौरे के लिए टीम घोषित

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड ने बंगलादेश के साथ शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए तीन नये खिलाड़ियों के वाली 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। नियमित एकदिवसीय कप्तान केन विलियमसन, टिम साउदी, डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर, ग्लेन फिलिप्स और डेवोन कॉनवे को घरेलू सत्र से पहले आराम दिया गया है। इसलिए टॉम लैथम को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया गया है और इस टीम में तीन नये खिलाड़ियों ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन, तेज गेंदबाज विल ओ'रूर्के और लेगस्पिनर आदि अशोक को टीम में शामिल किया गया है।

**टीम इस प्रकार है :** टॉम लैथम (कप्तान), आदि अशोक (दूसरे और तीसरे मैच के लिए), फिन एलन, टॉम ब्लंडेल, मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, जैकब डफी, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, हेनरी निकोल्स, विल ओरूर्के, रचिन रवींद्र, ईश सोढ़ी (पहले मैच) और विल यंग।

# अब अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी था , फॉर्म में लौटने पर बोले बटलर




**नॉर्थ साउंड।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि वह अपने खराब फॉर्म से आजिज आ चुके थे और अब अच्छा प्रदर्शन करना बहुत जरूरी हो गया था। वनडे विश्व कप में फॉर्म के लिये जूझते रहे बटलर ने सितंबर के बाद से पहला अर्धशतक जमाया। उनके 45 गेंद में नाबाद 58 रन की मदद से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे में छह विकेट से हराया। बटलर ने बीबीसी से कहा, मैं फॉर्म के लिये जूझ रहा था। खराब फॉर्म से तंग आ गया था। अब यह जरूरी हो गया था कि अपने चिर परिचित अंदाज में खेलूं। अपनी इस पारी के साथ उन्होंने वनडे क्रिकेट में 5000 रन भी पूरे कर लिये। उन्होंने कहा, बहुत खुश हूं। इस तरह की उपलब्धियों से अच्छा लगता है। पिछला कुछ समय काफी खराब था। बटलर की कप्तानी में इंग्लैंड ने पिछले साल टी20 विश्व कप जीता था। इस साल वनडे विश्व कप में गत चैम्पियन टीम हालांकि सातवें स्थान पर रही।

**डब्ल्यूपीएल नीलामी** — 61 विदेशी सहित कुल 165 खिलाड़ियों की नीलामी कल

# चमारी, एनाबेल और डैनी पर बरसेगा सबसे ज्यादा धन




**मुम्बई।** द्वितीय महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नौ दिसंबर को यहां दुनियाभर के 61 विदेशी सहित कुल 165 खिलाड़ियों की नीलामी होगी। इसमें चमारी अट्टापट्टू, एनाबेल सदरलैंड, डैनी व्याट सहित अन्य विदेशी खिलाड़ी के बेस प्राइस पर रहेगी सबकी नजर रहेगी। श्रीलंका की ऑलराउंडर चमारी अटापट्टू का आधार मूल्य 30 लाख रुपए है। उनका 30 लाख रुपए का आधार मूल्य होने के बावजूद इस खिलाड़ी को उद्घाटन डब्ल्यूपीएल नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला। इसके अलावा चमारी को विमेंस हंड्रेड, विमेंस बिग बैश लीग या विमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग में भी जगह नहीं मिली, लेकिन श्रीलंका के कप्तान ने 2023 में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया कि टीमें को उनकी कमी क्यों खल रही हैं। ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड का बेस प्राइस 40 लाख रुपये है। एनाबेल ने डब्ल्यूपीएल 2023 में चार मैच खेले और केवल 28 रन बनाए। गुजरात जायंट्स से बाहर होने से पहले उन्होंने 10.99 की इकॉनमी रेट के साथ तीन विकेट लिए थे। एनाबेल ने महिला एशेज में फॉर्म में लौटी और नॉटिंघम में ऑस्ट्रेलिया की जीत में अपना पहला टेस्ट शतक जमाया। इसके बाद द ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच में टीम का हार का सामना किया जिसमें एनाबेल ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके थे।

### वृंदा, उमा व मन्नत पर सभी टीमों की निगाहें

महिला प्रीमियर लीग के लिए शनिवार को लगने वाली बोली में सभी टीमों की वृंदा, उमा, कशवी, मन्नत, गौतमी नाईक और अन्य भारतीय खिलाड़ियों पर नजर रहेंगी। पांच टीमों के पास 30 खिलाड़यिों के स्लॉट में से 21 भारतीय खिलाड़ी होंगे। पिछले दो सत्र में कर्नाटका के लिए वृंदा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उमा छेत्री (विकेटकीपर) बल्लेबाज हाल ही में इंग्लैंड ए के खिलाफ हुई श्रृंखला में खेली थी, उसमें उमा का प्रदर्शन ठीक-ठाक रहा था। पावरप्ले के दौरान वह तेजी से रन बना सकती हैं। कशवी गौतम दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने 2020 में अंडर 19 टूर्नामेंट के दौरान एक ही मैच में 10 विकेट लेकर रिकॉर्ड बनाया था। इसी के कारण उन्हें महिला टी-20 चैलेंज के दौरान भी मौका दिया गया था। वह एक लंबे कद की हिट द डेक गेंदबाज हैं। मन्नत कश्यप बाएं हाथ की स्पिनर है उन्होंने पिछले साल मन्नत अंडर 19 विश्वकप में अपनी गेंदबाजह के दौरान नॉन स्ट्राइकर एंड पर एक बल्लेबाज को रन आउट करने के लिए सुर्खियों में आई थीं।

पुरातात्विक

अजय चंद्रवंशी


# पचराही का प्रसिद्ध कंकाली टीला



छत्तीसगढ़ के पुरातन पुरातात्विक स्थलों में पचराही का स्थान महत्वपूर्ण है। पचराही जिला मुख्यालय कवर्धा से 45 किमी तथा ब्लाक मुख्यालय बोड़ला से 17 किमी की दूरी पर उत्तर-पश्चिम दिशा में हाफ नदी के दाहिने किनारे पर स्थित है। पचराही नाम से ही स्पष्ट हो जाता है कि इस स्थल से पांच रास्ते रतनपुर, सहसपुर, भोरमदेव, मंडला और लांजी को जोड़ते हैं। पचराही के इतहास में महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब विधिवत रूप से यहां के पुरातात्विक स्थलों का उत्खनन हुआ। इस क्षेत्र का सर्वप्रथम सर्वे सर आर जेनकिन्स द्वारा (1825 के लगभग) किया गया, जिसकी रिपोर्ट एशियाटिक रिसर्चेस वाल्यूम 15 में प्रकाशित हुआ। इस स्थल से इतिहास के अनेक साक्ष्य को अपने गर्भ में समाए रखा है। आज भी खुदाई के दौरान यहां अनेक महत्व के वस्तुएं मिलती रहती हैं। इस स्थल का निरीक्षण करने पर लगता है कि यहां अभी और भी अधिक काम होना बाकी है। इस स्थल पर टीले, गुंबद, मूर्तियों के अवशेष बिखरी अवस्था में पड़े देखे जा सकते हैं। पचराही का पुरातत्व 'कंकाली टीला' के नाम से ही अधिक चर्चित रहा है। उत्खनन से पूर्व टीले में स्थापत्य खंड के बीच एक मूर्ति थी, जिसे 'कंकाली देवी' के नाम से पूजा जाता रहा है। 'कंकाली टीला' के उत्खनन से उत्तर दिशा में गुप्त कालीन ईंट की संरचना प्राप्त हुई है जिसमें दो कक्ष हैं और बाहर एक प्रदक्षिणा पथ। बाद में कल्चुरी काल में इसके उप्पर पत्थर से निर्माण कार्य के साक्ष्य मिले हैं। ईटों की संरचना के बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है, मगर कल्चुरी काल में पत्थर का निर्माण कार्य अभिलेख में उल्लेखित शिव मंदिर हो सकता है, जो मंदिर के ध्वस्त हो जाने के बाद के काल में कंकाली की मूर्ति के कारण 'कंकाली मंदिर' के नाम से चर्चित हो गया। यह मूर्ति वर्तमान में पचराही संग्रहालय में रखी गई है।

पुस्तक समीक्षा

# महाशिव गुप्त बालार्जुन




कृति के नाव: महाशिव गुप्त बालार्जुन


कृतिकार: डा. गणेश खरे

समीक्षक: बी. पी. पारकर

प्रकाशक: वैभव प्रकाशन रायपुर

कीमत: दो सौ रूपए

छत्तीसगढ़ को प्राचीन समय में दंडकारण्य के नाम से जाना जाता था। इसी कड़ी में सोमवंशी काल में यहां का शासन महाशिव गुप्त अर्थात बालार्जुन के पिता सम्राट हर्ष देव करते थे। इस अंचल को महान दार्शनिक बोधिसत्व रसायनविद नागार्जुन की जन्मभूमि होने का गौरव प्राप्त है। यहां के सांस्कृतिक समंवय और भौतिक समृद्धि में उन्नति बालार्जुन के 60 वर्षीय शासन काल में ही निर्मित हुए हैं। इनमें बौद्ध विहार, बौद्ध स्तूप,वेदशाला, जैन भवन, शिव मंदिर, अन्नागार औद्योगिक स्थल के अलावा आयुर्वेद स्नान कुंड का भी निर्माण और विस्तार हुआ। महाशिव गुप्त बालार्जुन सम्राट हर्षवर्धन तथा पुलकेशिन द्वितीय के समसामयिक रहे। इनके प्रभुत्व के कारण तब भारत में बालार्जुन को छोड़कर कोई भी स्वतंत्र सम्राट नहीं था। बालार्जुन का शासन स्वयं में उसकी दूरदर्शिता, कुशल प्रशासन, शौर्य, पराक्रम, सांस्कृतिक, धार्मिक सहिष्णुता तथा कलात्मक निर्माण का स्वर्ण युग रहा है। उपरोक्त सभी विषय-वस्तु को विस्तार से बहुत सरल रूप में पाठकों के समक्ष लाया है। आशा है पाठकों और शोधार्थियों के साथ इतिहास के प्रति रूचि रखने वाले इस पुस्तक को पढ़कर अवश्य ही लाभांवित होंगे।



सरगुजा जिला सतपुड़ा पर्वत की उच्चतम भूमि पर स्थित लगभग 956 कि. मी. क्षेत्र में फैला है। भौतिक रचना की दृष्टि से सरगुजा का अधिकांश भाग दक्षिणी पठार का अंग रहा है, जो पुरातन कठोर चट्टानों से बना है। ऐसा अनुमान है कि 50 लाख से 2 करोड़ वर्ष पूर्व सम्पूर्ण सरगुजा ज्वालामुखी का एक ऊंचा पठार था, जो रींवा से लेकर रांची तथा पलामऊ तक फैला था। इस क्षेत्र की भूमि ऊंची नीची है। पहाड़ियां, पठार और घाटियां इसकी धरातलीय संरचना को स्पष्ट करती हैं। सरगुजिहा में ऊंचे समतल भाग को पाट कहते हैं।

# तिब्बत का पठार भी कहलाता है सरगुजा

छत्तीसगढ़ अंचल के कोने कोने में रियासत काल के अनेक ऐतिहासिक साक्ष्य उस स्थान की विशेषता को प्रदर्शित करते रहते हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले का अपना भी अलग इतिहास है। यहां तक कि इस स्थल के नामकरण को लेकर भी रोचक जानकारियां हमें मिलती हैं। यदि इस स्थल का अवलोकन करें तो सरगुजा जिला सतपुड़ा पर्वत की उच्चतम भूमि पर स्थित लगभग 956 कि. मी. क्षेत्र में फैला है। भौतिक रचना की दृष्टि से सरगुजा का अधिकांश भाग दक्षिणी पठार का अंग रहा है, जो पुरातन कठोर चट्टानों से बना है। ऐसा अनुमान है कि 50 लाख से 2 करोड़ वर्ष पूर्व सम्पूर्ण सरगुजा ज्वालामुखी का एक ऊंचा पठार था, जो रींवा से लेकर रांची तथा पलामऊ तक फैला था। इस क्षेत्र की भूमि ऊंची नीची है। पहाड़ियां, पठार और घाटियां इसकी धरातलीय संरचना को स्पष्ट करती हैं। सरगुजिहा में ऊंचे समतल भाग को पाट कहते हैं। पूर्वी भाग में मैनपाट, जमीरपाट, जरंगपाट, लसुनपाट और सामरी पाट प्रसिद्ध हैं। इनमें से मैनपाट को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है तथा यहां तिब्बतियों को बसाया गया है। इस स्थल को छत्तीसगढ़ की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाना भी प्रस्तावित है। इसकी लंबाई 28 किमी, चौड़ाई 90 कि मी और ऊंचाई समुद्र तल से 3750 फीट है। इस स्थल को सरगुजा का 'तिब्बत का पठार' भी कहा जाता है। इस तरह अंचल के सरगुजा जिले का इतिहास सदैव पाठकों और इतिहासकारों को अपनी ओर आकर्षित ही करते रहेंगे।



गांव की कहानी : डा. सुधीर पाठक


# मनमोहक और रमणीय इंतुल जलप्रपात



पर्यटन : विश्वनाथ देवांगन

छत्तीसगढ़ की धरती प्राकृतिक वादियों के लिए भी प्रसिद्ध रही है। खासकर बस्तर अंचल इस दिशा में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस स्थल में अनेक झरने और जलप्रपात प्रर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अभी भी इस अंचल में ऐसे कई मनमोहक और सुंदर जलप्रपात है जिसके बारे में यहां के लोग भी अनभिज्ञ हैं। प्रकृति की गोद में हरियाली लिए दंतेवाड़ा अंतर्गत इंतुल जलप्रपात खूबसूरत छटा बिखने के बाद भी लोगों के लिए अंजान सा है। यह जलप्रपात दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड कटे कल्याण के पास घने जंगलों में स्थित है। कोरीरास से भूसारास की तरफ बहने वाली नदी पर यह खूबसूरत झरना बेड़मा के डायापारा के समीप जंगलों में बड़ी-बड़ी चट्टानों से होकर इसका जल 50 फीट के तीन पड़ाव पार कर समतल मैदान में इसकी जल धाराएं उतरती दिखती हैं साथ ही पहले पड़ाव में जल दो समांतर पहाड़ों के कुंड में समाहित होता नजर आता है। दुर्गम स्थल में होने के कारण यह स्थल पर्यटकों के पहुंच से बाहर है। आवागमन के लिए उचित व्यवस्था भी इस स्थान तक पहुंचने के लिए नहीं है। यदि इस स्थान तक जाने के लिए रास्ता सुगम हो जाए, तो भविष्य में अच्छा पर्यटन स्थल घोषित हो सकता है। बरसात के दिनों में यहां के रमणीय वातावरण का आनंद लिया जा सकता है। उचित झरने के चारों ओर खूबसूरत हरे भरे वन मन को आनंदित कर देते हैं।

# छत्तीसगढ़ी में मुक्तक काव्य एक दृष्टि में



लोक साहित्य : डा मंजू शर्मा

अंचल में अनेक साहित्यकारों ने छत्तीसगढ़ी और हिन्दी में लिखकर साहित्य को समृद्ध करने का ही काम किया है। कई सदी पहले से साहित्य के विभिन्न विधाओं में लेखन के परिणाम हमें मिल जाते हैं। इससे स्पष्ट हो जाती है कि अंचल में लेखन परंपरा का अपना समृद्ध इतिहास रहा है। छत्तीसगढ़ी मुक्तक काव्य परंपरा की शुरूआत बीसवीं सदी के प्रारंभ में मिलता है। इस संदर्भ में पंडित लोचन प्रसाद पांडेय व पंडित पृथ्वीलाल तिवारी छत्तीसगढ़ी काव्य आंदोलन के प्रणेता और नई पीढ़ी के प्रेरक प्रमाणित हुए। इस कड़ी को पंडित शुकलाल प्रसाद पांडेय व पंडित बंशीधर पांडेय ने आगे बढ़ाया। इस समय जगन्नाथ प्रसाद 'भानु' की कुछ रचनाओं का उल्लेख मिलता है, जिसमें 'मातेश्वरी गुटका' छत्तीसगढ़ी जस गीत का संग्रह है, जबकि 'खुसरा चिरई के बिहाव' की केवल सूचना भर मिलती है। पंडित लोचन प्रसाद पांडेय के वंदना गीत 1909 में छत्तीसगढ़ का जयगान है-

जयति जय छत्तीसगढ़ देस, जनम भूमि सुंदर सुख खान।
जहां के तिल सन हर्रा लाख, गहूं अऊ नाना विध के धान।
बनिया बैपारी के आधार, बढ़ाथे देस राज के मान।
जहां के हम सब अन संतान, सत्ताधारी सरल किसान।
हम मन ल पाके होइस धन्न, हमर प्यारा हिंदुस्तान।

# विलक्षण प्रतिभा के धनी मेदिनी प्रसाद पांडेय

सुरता

कमल नारायण



मेदिनी प्रसाद पांडेय का जन्म खरसिया के पास ग्राम परसापाली में सन 1869 में हुआ था। आपकी प्रारंभिक शिक्षा पर हुई, तथा संस्कृत और व्याकरण की पढ़ाई रायगढ़ में पूरी की। आप संस्कृत, ब्रज भाषा, हिन्दी और छत्तीसगढ़ी के ज्ञाता रहे। आपने अनेक महाकाव्य की रचना की जिसमें सत्संग विलास, संग्रह सागर, रामायण, दुर्जण-दर्पण, पुंज प्रकाश, गणपति उत्सव विकट बत्तीसी प्रमुख रहे। आपके गीत नाचा-गम्मत और नाटकों में उपयोग किए जाते थे। आप साहित्यिक कार्यो के साथ समाज सेवा में भी संलग्न रहते थे। आप 27 मार्च 1952 को इस सांसारिक जीवन से मुक्त हो गए। आपके नाती का अल्पायु 10 वर्ष में निधन हो जाने पर आहत होकर इस गीत की रचना की-

प्रातःकाल उठि अब मेरे ढिग एहै कौन,
बाबा कहि बार बार मोहि को पुकारैगो?
प्रातः के कलेउ काज मातु परियैहै कौन,
रूठे भगिनी तो कौन चुप करावैगो?

कला जगत

कुसुमलता सिंह

# छत्तीसगढ़ में आल्हा गायन की परंपरा

छत्तीसगढ़ अंचल में आल्हा या तो बुंदेली रूप में गाया जाता है या फिर छत्तीसगढ़ी रूपांतरण के साथ प्रस्तुत होता है। बुंदेली रूप प्रायः पुस्तकों के आधार पर गेय है, जबकि छत्तीसगढ़ी रूप अलिखित व मौखिक परंपरा के अनुरूप एक कंठ से दूसरे कंठ में बसता है। इस लोक गाथा का छत्तीसगढ़ पर इतना प्रभाव पड़ा है कि आल्हा ऊदल के एक भाई को छत्तीसगढ़ी के फाग गीतों में भी स्थान मिला है।

भारत के हर अंचल में आल्हा गायन की अपनी परंपरा है। हिन्दी साहित्य के वीरगाथा काल में कवि जागनिक द्वारा रचित वीरगाथात्मक काव्यग्रंथ में आल्हा ऊदल की व्याप्त चर्चा है। आल्हा की प्रकाशित पुस्तकों में 52 युद्धों का वर्णन मिलता है। छत्तीसगढ़ अंचल में आल्हा या तो बुंदेली रूप में गाया जाता है या फिर छत्तीसगढ़ी रूपांतरण के साथ प्रस्तुत होता है। बुंदेली रूप प्रायः पुस्तकों के आधार पर गेय है, जबकि छत्तीसगढ़ी रूप अलिखित व मौखिक परंपरा के अनुरूप एक कंठ से दूसरे कंठ में बसता है। इस लोक गाथा का छत्तीसगढ़ पर इतना प्रभाव पड़ा है कि आल्हा ऊदल के एक भाई को छत्तीसगढ़ी के फाग गीतों में भी स्थान मिला है। यह बात अलग है कि उनका यह तीसरा भाई निर्बल माना गया है। छत्तीसगढ़ के राऊत जाति के लोग प्रमुख लोकगीत बांस गीतों में भी आल्हा गायन किया जाता है। बांस गीतों के लोकतांत्रिक अध्ययन के अंतर्गत कथा है कि हिरण के आखेट के बहाने ऊदल अपने प्रिय बिंदुलिया घोड़े पर सवार होकर उरई पहुंच जाता है। वहां के सरोवर में पानी भरने आई पनिहारिनों से अपने घोड़े को पानी पिलाने को कहता है। पनिहारिनें ऊदल की इस बात को अपना अपमान समझकर उसकी उपेक्षा करती हैं। ऊदल अपनी गुलेल से उनके घड़ों को फोड़ देता है। पनिहारिनें राजा से शिकायत करती हैं। इसे सुनकर वहां के राजा चंदेल के नरेश को विरोध में पत्र लिखते हैं। इस पत्र के उत्तर में चंदेल लिखते हैं कि पनिहारिनों के जो घड़े फूटे हैं उनके बदले में स्वर्ण घट भिजवा दिए जाएंगे। इस तरह ऊदल की वीरता के प्रति राजा की आसक्ति का आभास हो जाता है।



# समाजवादी छात्रसभा अध्यक्ष के प्रथम जनपद आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को समाजवादी छात्र सभा के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष अध्यक्ष अभिषेक कुशवाहा का जनपद में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर किया गया। स्वागत समारोह का शुभारंभ शिवमुनि यादव के स्वागत गीत से हुआ। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि अभिषेक कुशवाहा जी के मनोनयन से नौजवानों का हौसला बढ़ा है ,उनके अन्दर एक नये उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है । हमें उम्मीद है कि जिस भरोसे और विश्वास के साथ पार्टी ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है उस भरोसे और विश्वास पर शत प्रतिशत खरा उतरते हुए ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे । उन्होंने कहा कि आज संघर्ष का दौर है। भाजपा की तानाशाही हुकूमत के खिलाफ लड़ना है।इस दौर में छात्रसभा की जिम्मेदारी बड़ी है। आज जिस तरह से भाजपा सरकार छात्र नौजवानों पर जुल्मो सितम कर रही है। उसके जुल्म और दमन से छात्र नौजवान कराह रहा है ऐसे वक्त में छात्रसभा को छात्र नौजवानों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा जब जब देश में किसी तानाशाह ने सर? उठाया है समाजवादियों ने अपने संघर्ष की बदौलत उनका फोन कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि चुनौतियां बड़ी है, हमें संघर्ष का रास्ता अख्तियार कर इन चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना होगा। अपने स्वागत से अभिभूत अभिषेक कुशवाहा ने अपने स्वागत के लिए नेताओं और कार्यकताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि छात्रों और नौजवानों पर भाजपा सरकार का जुल्म बढ़ा है। उनके जुल्म और दमन से प्रदेश का छात्र नौजवान आक्रोशित हैं। लेकिन समाजवादी पार्टी का नौजवान भाजपा के जुल्मों सितम के आगे झुकने वाला नहीं है। समाजवादी छात्र सभा के नौजवान उनके जुल्म और दमन का डटकर मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादियों का गौरवशाली और संघर्ष का इतिहास रहा है। समाजवादियों ने हमेशा बड़ी लड़ाई लड़ी है। चाहे जंगे आजादी रही हो? चाहे सम्पूर्ण क्रान्ति का आंदोलन समाजवादियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि पार्टी का नौजवानों के प्रति और नौजवानों का पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ा है । जब जब प्रदेश में पार्टी की सरकार बनी है नौजवानों के हित में तमाम फैसले लिए गए हैं । चाहे छात्रसंघ बहाली का फैसला हो, चाहे बेरोजगारी भत्ता, लैपटाप, कन्या विद्याधन देने का फैसला हो, चाहे बर्खास्त सिपाहियों को बहाली करने का फैसला हो,यह सारे फैसले समाजवादी पार्टी की सरकार में लिए गए । उन्होंने कहा कि होने वाले लोकसभा के चुनाव में प्रदेश के छात्र नौजवानों ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें लिया है। देश और प्रदेश में परिवर्तन की बयार चल रही है। भाजपा सरकार से धोखा खाए नौजवान समाजवादी पार्टी के पक्ष में पूरी तरह से लामबंद हो गये है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों को धोखा दिया है , रोजगार देने के बजाय पकौड़ा बेचने की सलाह देकर भाजपा ने देश के पढ़े लिखे नौजवानों को अपमानित करने का काम किया है। होने वाले 2024के लोकसभा चुनाव में नौजवान भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगा। नौजवानों को अपमानित करना भाजपा को काफी मंहगा पड़ेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन यादव, डॉ नन्हकू यादव, रीता विश्वकर्मा, रविन्द्र प्रताप यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, सदानंद यादव, अमित ठाकुर, डॉ समीर सिंह,गुड्डू यादव, बलिराम यादव, संदीप यादव, रणजीत यादव, ओमकार यादव, विनोद पाल, संतोष यादव, रामाशीष यादव, मटरू पहलवान, सत्येन्द्र यादव सत्या, राकेश यादव, रमेश गोड़, ओमप्रकाश जायसवाल, संजीत कुशवाहा, संदीप यादव सत्या, सुग्गु यादव, लालबहादुर यादव,आदि उपस्थित थे । इस स्वागत समारोह का संचालन जिला महामंत्री कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया ।

## एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का किया गया निरीक्षण, दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश



प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी तथा कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया । निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई । एसपी के द्वारा परेड के उपरान्त निमार्णाधीन मल्टीस्टोर आरक्षी बैरक, महिला आरक्षी बैरक का निरीक्षण व फायर ब्रिगेड के वाहनो का फाँग लाइट को चेक किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया तत्पश्चात एसपी के द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्थ थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी । शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।

## 17 को मनाई जाएगी स्व. नवल किशोर सिंह की 32वीं पुण्यतिथि

प्रखर कुशीनगर। समाजसेवी, कवि एवं लेखक रहे स्वर्गीय नवल किशोर सिंह की बत्तीसवीं पुण्यतिथि पर 17 दिसंबर को साखोपार में विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए नवल किशोर सिंह सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं स्वर्गीय श्री सिंह के सुपुत्र अजय प्रताप नारायण सिंह ने बताया कि स्वर्गीय पिता जी एक अच्छे समाजसेवी, लेखक एवं कवि थे वे पड़ारकर जी के सानिध्य में कुछ दिनों तक पत्रकारिता भी किए, इस लिए उनकी पुण्यतिथि पर उनसे जुड़े कार्यों का एक भव्य कार्यक्रम हर वर्ष किया जाता है। इसी तारतम्य में उनकी 32 वीं पुण्यतिथि पर 17 दिसंबर को एक भव्य नवल स्मृति समारोह का आयोजन पैतृक गांव साखोपार में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समारोह में श्री रामचरित मानस पाठ, काव्य गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत संगीत,




श्रद्धांजलि सभा, सहभोज, सम्मान समारोह, निःशुल्क चिकित्सा शिविर और राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल का कार्यक्रम किया जायेगा। कार्यक्रम की भव्यता में जुटे स्वर्गीय श्री सिंह के पौत्र (स्वर्गीय विजय प्रताप नारायण सिंह के सुपुत्र) एवं अध्यक्ष श्रम पंजीयन अंशदान एवम नवीनीकरण समिति व बीओसीडबल्यू बोर्ड के सदस्य अभय प्रताप नारायण सिंह ने कहा है कि 17 दिसंबर हम सभी के लिए एक त्योहार जैसा हो गया है इसके भव्यता हेतु कोई कोर कसर नहीं छोड़ना है। उन्होंने कहा कि 32 वीं पुण्यतिथि को और भव्य बनाए जाने हेतु कार्य शुरू कर दिए गए हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पियूष प्रताप नारायण सिंह, ग्राम प्रधान शैलेश प्रताप नारायण सिंह, एडवोकेट कुशल प्रताप सिंह, त्रिपुरेश प्रताप, शशांक प्रताप, सत्यम प्रताप, शिवम सिंह, सुंदरम सिंह, भुवनेश, सुरजदेव आदि परिजन और सहयोगी जी जान से लग गए हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत चोलापुर के ग्राम सभा बेला में आयोजन संपन्न किया गया

प्रखर दानगंज वाराणसी। विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम सभा बेला में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से जोड़ना और उसे उससे लाभान्वित करना है इस क्रम में लाभार्थियों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है` ग्राम पंचायत बेला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनाकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जन मानस को जानकारी दी जा रही है जिससे कि समाज के वंचित लोगों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके और वह इस योजना से जुड़कर लाभान्वित हो` इस मौके पर एलईडी वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गयी जिसको भारी संख्या में उपस्थित जनमानस ने देखा और सराहना की इस मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर सिंह, ब्लॉक के बी डी ओ, ए डी ओ, चोलापुर भाजपा मंडल महामंत्री अरविंद सेठ, मनोज मिश्रा, चोलापुर भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल, मंडल मंत्री रितेश सिंह, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी राहुल चौबे भाजपा कार्यकर्ता रामबदन चौहान, रवि पांडेय, कमल व चोलापुर ब्लाक के कृषि इकाई, चोलापुर आंगन वाडी के सहायक, एएनएम, बेला प्राथमिक विद्यालय के बच्चे व अध्यापक गण व सम्मानित कार्यकर्ता एवम् ग्राम वासी गण कार्यक्रम शामिल हुए।




## सीवर की खुदाई के खिलाफ धरने को क्षत्रिय महासभा व अधिवक्ताओ ने दिया समर्थन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। धरने के चौथे दिन नमामि गंगे वह जल निगम के खिलाफ आंदोलन जारी रहा तथा धरने को अनिश्चितकाल तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। धरना स्थल पर पहुंचे वरिष्ठ अधिवक्ता साथियों ने कहा कि शहर के मुख्यालय पर रोडो की ऐसी दयनीय स्थिति पहले कभी नहीं थी तथा हर तरफ जाम के चलते मुवक्किल समय से अपनी तारीख तक देखने कोर्ट नहीं पहुंच पा रहे हैं। आए दिन सीवर के कार्य के लिए खोदे गए गड्ढे में लोगों के गिरने व घायल होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही है। लोगों ने एक सुर में कहा कि अगर इस समस्या का जल्द निस्तारण नहीं होता है तो हम सभी लोग एक साथ मिलकर बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे । धरने का समर्थन करने पहुंचे क्षत्रिय महासभा युवा के जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि सीवर के चलते इस प्रकार की दुर्दशा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। सीवर के चलते अगर किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना प्राप्त होती है तो संबंधित विभाग व संस्था के खिलाफ फिर दर्ज कराई जाएगी ।धरने के संयोजक विवेक कुमार सिंह शम्मी ने धरने का समर्थन के लिए सभी संगठनों का आभार व्यक्त किया तथा सीवर के कार्य में देरी के खिलाफ जल्द अगर कोई निर्णय नहीं होता है तो हम सभी लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहेंगे । मौके पर एडवोकेट सुरेश सिंह एडवोकेट राजेश राय विनय राय रणजीत सिंह श्याम जी सिंह प्रमोद राय आदि लोग मौजूद रहे।




## सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या में संकल्पित सभी हत्यारों को फांसी हो और सीबीआई या उच्च न्यायालय द्वारा जांच की जाए



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के नेतृत्व में वाराणसी के समस्त संगठनों द्वारा सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हुई हत्या में संकल्पित सभी हत्यारों को फांसी हो और सीबीआई या उच्च न्यायालय द्वारा जांच की जाए कमिश्नर या अन्य अधिकारियों की अनुपस्थित होने के कारण करणी सैनिकों में रोष देखा गया` सैकड़ो की संख्या में उपस्थित सभी क्षत्रिय संगठनों के पदाधिकारी व क्षत्रिय समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय से कैंडल मार्च निकालते हुए कचहरी गोलघर होते हुए शास्त्री घाट तक पहुंचे वरूणा पुल के पास रोड को जाम कर दिया गया` आधा घंटा सड़क जाम होने के बाद जब एसीपी कैंट डाक्टर अतुल अंजान वहां पहुंचे तो एसीपी कैण्ट ने करणी सैनिकों कों समझा बुझाकर तत्काल जाम को खाली कराया जिसके बाद यातायात शुरू हो पाए` करणी सैनिकों ने एसीपी कैण्ट कों ज्ञापन दिया और रोड से किनारे शास्त्री घाट पर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के प्रतिमा पर कैंडल जलाकर शोक संवेदना प्रकट किया` श्री राष्ट्रीय राजपूत करनी सेना वाराणसी के प्रभारी गनेश सिंह और जिलाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ,डॉ कर्मराज सिंह, डॉ आलोक सिंह, डॉ संजीव सिंह, रामआश्रय सिंह, शिव प्रताप सिंह, विनीत सिंह, शिव प्रकाश सिंह, राजन सिंह, पंकज सिंह आराधना सिंह, अनीता सिंह, किरन सिंह, अर्चना सिंह, नीलम सिंह, उषा सिंह, रिंकू सिंह, भानु प्रताप सिंह, एडवोकेट रामजी सिंह, एडवोकेट श्याम मनोहर सिंह के साथ सैकड़ो करणी सैनिक थे` विश्व क्षत्रिय महासभा से डॉ.अशोक कुमार सिंह, डॉ के एन सिंह और देवेंद्र सिंह के साथ अन्य कई पदाधिकारी थे क्षत्रिय सेवा समित से एम एन सिंह और वासिस्ट नारायण सिंह के साथ व अन्य कई क्षत्रिय संगठनों के सदस्य उपस्थित हुए।

## वृहद पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाकर कालोनी वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया

प्रखर रामनगर आज गंगा हरितिमा अभियान के ब्रांड अंबेसेडर अनिल कुमार सिंह के मिशन एक करोड़ पौध रोपण के तहत श्री अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन सीआरपीएफ के दिशा निर्देश में 95 बटालिएन, सृजन सामाजिक विकास न्यास के सदस्यों के साथ मिलकर शंकर नगर कालोनी भीटी रामनगर वाराणसी में डा एस के सिंह के प्लाट तक वृहद पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाकर कालोनी वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जिसमें संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने सभी को स्वच्छता एवं जलसंरक्षण तथा पर्यावरण की शपथ दिलाकर समाज के हर क्षेत्र के अग्रणी लोगों को आगे आकर पर्यावरण जैसे पुनीत कार्य को आगे बढ़ाना है, अध्यक्षता कर रहे डा एस के सिहं जो एक अच्छे समाज सेवी है और ब्लड डोनेशन कुल 81 बारकरचुके है सृजन सामाजिक विकास न्यास एवं सी आर पी एफ के जवानों तथा पी आर ओ प्रवीण सिंह को इस नेक कार्य हेतु बधाई एवं शुभकामना संदेश दिया, इसमें 95 बटालियन के निरीक्षक मुस्ताक




अहमद एवं प्रवीन सिहं की पूरी टीम ने स्वच्छता, पौधारोपण कर भारत मां का जयकारा लगाते हुए जन जागरुकता रैली भी निकाली।

## संक्षिप्त खबरें

### सुभाष सिंह सिंचाई संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत, जिलाध्यक्ष पर गुमराह करने का लगाया आरोप



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सिंचाई संघ के प्रांतीय महामंत्री नमो नारायण राय द्वारा सिंचाई संघ के व्यापक हित में लिए गए निर्णय से पूर्वांचल के सिंचाई संघ के लोगो में हर्ष व्याप्त हो गया है,जो संगठन प्रदेश ही नहीं जनपद के विभिन्न खंडों में कई गुटों में बंटा हुआ था आज वह ऐतिहासिक सिंचाई संघ पुनःअपनी मूल धारा में वापस लौट रहा है,इसका सम्पूर्ण श्रेय जनपद के सिंचाई कर्मचारियों ने प्रदेश महामंत्री नमो नारायन राय को दिया है।श्री राय के महामंत्री निर्वाचित होते ही नलकूप मंडल गाजीपुर के समस्त खंडों के पदाधिकारियों ने उनके नेतृत्व को स्वीकार कर आज अपनी एक जुटता का परिचय देते हुए आगामी चरणबद्ध आंदोलन को पूर्ण रूप से सफल बनाने का संकल्प लिया,इस अवसर पर नव मनोनीत प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष सिंह का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष अम्बिका दूबे,जिलाध्यक्ष इं सुरेंद्र प्रताप,वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव धीरु,कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण सिंह,जिला मंत्री बैज नाथ तिवारी, प्रमुख उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा,नलकूप खंड प्रथम के अध्यक्ष अश्वनी सिंह, लघुडाल नहर खंड के अध्यक्ष चित्रसेन सिंह, मंत्री जितेंद्र पाण्डेय, नलकूप खंड द्वितीय के अध्यक्ष जमुना सिंह यादव मंत्री अशोक पाण्डेय, मंडल मंत्री अंगद राम, इंदू शेखर मिश्रा, सूर्यकांत कुमार सहित समस्त खंडों के शीर्ष पदाधिकारी कार्यालय पर उपस्थित रहे।समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बृजेश यादव एवम संचालन मंडल मंत्री अंगद राम ने किया।

### प्रवीण तोगड़िया के आगमन को देखते हुए भड़सर से अभिसहन मार्ग की मरम्मत शुरू



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर हर स्तर पर जनपद में सरगर्मियां बढ़ने लगी है। अब चुनाव को देखते हुए गाजीपुर जनपद में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संयोजक प्रवीण तोगड़िया मरदह थाना क्षेत्र के नासीरुद्दीनपुर पहुंचेंगे, यहां अपने लोगों से हर बिंदुओं पर चर्चा करते हुए लोकसभा चुनाव के संदर्भ में भी बात करेंगे। प्रवीण तोगड़िया का रात्रि प्रवास दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव जिलध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद गाजीपुर के पैतृक आवास नसरुद्दीनपुर थाना मरदह पर करेंगे, व दिनांक 13 दिसंबर 2023 को रक्षा निधि के तहत शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो महाहर मंदिर पर समाप्त होगा, यह जानकारी हिंदू परिषद के काशी प्रांत के संगठन मंत्री संजय दुबे जी द्वारा दिया गया,डॉ प्रवीण तोगड़िया के आगमन को देखते हुए, भड़सर से अविसहन मार्ग का मरम्मत शुरू हो गया है,जो बहुत ही खराब रास्ता है, प्रवीण तोगड़िया इससे पूर्व हिंदू परिषद के कई दायित्वों को संभाल चुके हैं। और से पूर्व 29 जनवरी 2023 को बलिया जाते समयराज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिलाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव बद्रीचंद के पोखरा पर स्थित आवास पर आए थे,और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पत्रकार वार्ता किए थे 12 दिसंबर को रात्रि प्रवास करेंगे इसके बाद 13 दिसंबर को हिंदी रक्षा निति के तहत पृथ्वीपुर सलेमपुर होते हुए महाहर धाम पर आयोजित सभा में लोगों को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसे लेकर जिला प्रशासन को सूचित कर दिया गया है।

### विकसित भारत यात्रा अन्तर्गत पीएम आवास योजना में डूडा ने कराया भूमि पूजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत डूडा गाजीपुर द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में जनपद के नगर पालिका परिषद गाजीपुर के वार्ड जमलापुर के लालबहादुर कुशवाहा, रीना देवी, मनीषारानी, कंचन, का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री विशाल सिंह चंचल मा० सदस्य विधान परिषद के प्रतिनिधि प्रदीप पाठक, द्वारा सामूहिक भूमि पूजन संपन्न कराया गया इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजस्व अरुण कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी चन्द्रशेखर यादव, सिविल इंजीनियर अर्जुन सिंह, व अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के सभासद एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।




प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं